


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 30 जून 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 153 | मूल्य - 5 रुपये









# यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को किया गया अयोध्या के होटल में हाउस अरेस्ट, मचा हड़कंप



अयोध्या।

***यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा मामले पर सियासत तेज हो गई है। विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे को लेकर बीजेपी पर हमलावर रुख अपना रही हैं। इस बीच अयोध्या से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को अयोध्या के होटल पदम श्री पैलेस में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।***

हालही में ये खबर आई थी कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल 30 जून को अयोध्या जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद और पूर्व स्व्हृष्ट शामिल होंगे। इनमें प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय, सांसद किशोरी लाल शर्मा, सांसद तनुज पूनिया, सांसद राकेश राठौर, सांसद उज्ज्वल रमण सिंह, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद ए.पी. गौतम एवं पूर्व स्व्हृष्ट दीपक सिंह शामिल होंगे। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के नेताओं का कार्यक्रम ये था कि वे अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन पूजन करेंगे। प्रतापगढ़ के कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भी हाउस अरेस्ट किया गया। यूपी कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर बताया, ÷क्या यूपी में अब प्रभु श्रीराम के दर्शन करना भी अपराध हो गया है? कल यानी 30 जून को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन-पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। लेकिन इस यात्रा से डरी भाजपा सरकार ने कायरतापूर्ण हरकत शुरू कर दी है! अब से कुछ ही देर पहले प्रतापगढ़ के कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पुलिस ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर दिया है। यूपी कांग्रेस ने कहा, ÷भगवान श्रीराम किसी एक राजनीतिक दल या विचारधारा के नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था और संस्कृति के प्रतीक हैं। श्रद्धालुओं को अयोध्या जाने से रोकना असंवैधानिक है। उत्तर प्रदेश सरकार दमनकारी नीति बंद करे, नजरबंद किए गए कांग्रेस नेताओं को तत्काल मुक्त करे और बिना किसी बाधा के अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की अनुमति दे। गौरतलब है कि अजय राय को ही अयोध्या में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना है और उनको ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। ऐसे में कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर रवैया अपना सकती है।

# पूर्वोत्तर में बारिश से भारी तबाही, बाढ़ में पुल बहे, उत्तरी राज्यों में भीषण गर्मी..

**नई दिल्ली, (भाषा)।** पूर्वोत्तर राज्यों में सोमवार को हुई भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई, जिससे कई स्थानों पर सड़कें और पुल बह गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश और असम के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर हालात और नुकसान की जानकारी ली। अरुणाचल प्रदेश के कम से कम 12 जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है, जबकि असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार धीमाजी जिले के चार राजस्व मंडलों के 69 गांवों में करीब 16,000 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, विभाग ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश और उससे सटे राज्यों में लू चलने, कुछ स्थानों पर भीषण लू की आशंका है।

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से फोन पर बात की और राज्य में भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ तथा भूस्खलन से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। अधिकारियों के अनुसार, बातचीत के दौरान शाह ने प्रभावित क्षेत्रों, नुकसान और लोगों को राहत पहुंचाने की तैयारियों की जानकारी ली।

उन्होंने राहत कार्यों तथा अन्य आवश्यक सहायता के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इसी तरह, शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से भी बातचीत कर नदियों का जलस्तर बढ़ने से हुए नुकसान की जानकारी ली।

शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने गृह मंत्री को राज्य में जारी राहत और पुनर्वास कार्यों की जानकारी दी। इस बीच, उत्तर भारत के कई राज्यों में सोमवार को भी भीषण गर्मी का असर बना रहा। हालांकि, दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के साथ जल्द राहत मिलने की संभावना है। दिल्ली में लू का प्रकोप जारी रहा और ज्यादातर मौसम केंद्रों पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। लगातार दूसरे दिन राजधानी में रात भी इस मौसम की सबसे गर्म रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, राजधानी के आधार केंद्र सफदरजंग में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




# राम मंदिर दान विवादः वकीलों ने किया आरोपियों का बहिष्कार, त्वरित सुनवाई से न्यायालय का इनकार..

नयी दिल्ली/अयोध्या, (भाषा)।

***राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी को लेकर बढ़ते गुस्से के बीच, अयोध्या में फैजाबाद बार एसोसिएशन ने सोमवार को घोषणा की कि उसका कोई भी सदस्य गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों का पक्ष नहीं रखेगा। वहीं, उच्चतम न्यायालय ने कहा***

कि वह गर्मियों की छुट्टियों के बाद उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें इस मामले की सीबीआई के नेतृत्व में तय समय-सीमा में जांच कराने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन की सोमवार को हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने यह भी तय किया कि अगर उसका कोई सदस्य राम मंदिर मामले के आरोपियों का मामले की अदालत में पैरवी की कोशिश करता है, तो उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। संस्था ने मांग की कि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव - जो सभी मंदिर के प्रबंधन से जुड़े हैं लेकिन जिनका नाम प्राथमिकी में नहीं है - उन्हें अयोध्या छोड़ देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ये तीनों तीन दिन के भीतर शहर से बाहर नहीं गए, तो पूरे अयोध्या शहर की घेराबंदी कर दी जाएगी और किसी को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद ने कहा कि वे सीबीआई जांच के लिए उच्च न्यायालय भी जाएंगे। फैजाबाद बार एसोसिएशन ने 2005 में भी ऐसा ही फैसला लिया था, जब राम जन्मभूमि परिसर पर आतंकवादी हमले के आरोपियों को फैजाबाद अदालत में पेश किया गया था। आखिरकार, लखनऊ के एक वकील ने इस मामले में आरोपी का पक्ष रखा। दान के कथित गबन मामले में बीते बृहस्पतिवार को गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भ्रष्टाचार रोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा के समक्ष पेश किया गया। विशेष लोक अभियोजक उमेश दुबे ने कहा कि पुलिस के आरोपियों की हिरासत के लिए कोई आवेदन नहीं करने पर उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि मामले को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। न्यायालय 13 जुलाई को पुनः खुलेगा।









कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# बालाघाट की आदर्श नारी श्रीमती शांता तिवारी, जिनकी छांव में हो रहा संस्कारों और संस्कृति का अंकुरण..

## जिन्होंने नारी मंच की स्थापना कर दी महिलाओं को किया एकजुट..

## 30 जनवरी 76 वे जन्मदिवस पर विशेष..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय समाज की खुबसुरती अगर किसी चीज से है तो वह सबसे पहले उनके अपने परिवार से है। परिवार में सभी सदस्य एक दुसरे का मान सम्मान करें, अपने अपने पारिवारिक कर्त्तव्य निभाएं, तो वहीं इसी के साथ सर्वसमाज के बीच प्रेम और भाईचारे के साथ रहते हुए एक दूसरे के हमेशा मददगार बने रहें, और भारतीय संस्कारों और संस्कृति का हमेशा सम्मान करते***

हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ें। बस इन्हीं भावों में भारतीय समाज की खुबसुरती समाहित है। देखा जाए तो छोटी छोटी इन बातों का जो लोग परिवार में महत्व समझते हुए जीवन जीते हैं, उनके जीवन में बड़ी से बड़ी कठिनाईयों भी दूर हो जाती हैं, और मुश्किलों की ऐसे परिवारों के समक्ष हार हो जाती है। भारतीय समाज की इसी खुबसुरती के चलते ही भारत को संस्कृति और संस्कारों का देश कहा जाता है, तथा विशेषरुप से भारत की संस्कृति और संस्कारों को स्थापित करने में यदि किसी का सबसे बड़ा योगदान है तो वह भारतीय समाज में नारी का है। नारी का ऐसा ही आदर्श किरदार निभाते हुए जीवन में ना सिर्फ अपने परिवार को अपितु सर्वसमाज के बीच संस्कारों और संस्कृति के बीज अंकुरित करने का कार्य अगर कोई कर रही है, तो वह है गोंदिया की बेटी और बालाघाट की बहु तथा आज सभी की प्रिय आंटी श्रीमती शांता तिवारी, जो आदर्श नारी के रुप में सर्वसमाज की नारी को एकजुट करते हुए संस्कारों और संस्कृति को पोषित करने का कार्य विगत अनेक वर्षों से कर रही है।

### संक्षिप्त परिचय..

श्रीमती शांता तिवारी आंटी का जन्म 30 जून 1950 को गोंदिया के निवासी हरीशंकर दिक्षीत जो कि पुलिस विभाग में पदस्थ थे, उनके परिवार में चार बेटियों और एक भाई में सबसे बड़ी बेटी के रुप में हुआ था। आपने गोंदिया के एनएमडी कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की, इसके उपरांत आपका विवाह बालाघाट के प्रतिष्ठित तिवारी परिवार में प्रोफेसर उपेन्द्र तिवारी के साथ हुआ। चार बहनों में बड़ी श्रीमती शांता तिवारी अपने ससुराल में भी चार भाईयों के परिवार में सबसे बड़ी बहु बनकर आई। जीवन में परिवार की बड़ी बहु के कर्त्तव्य को निभाने के साथ ही उन्होंने अपने जीवन में अपने दो पुत्र और एक पुत्री संहित बहुओं को भी जो संस्कार दिये, उसका परिणाम है कि उनकी पारिवारिक चमक और सर्वसमाज के बीच परिवार का सम्मान निश्चित ही श्रीमती शांता तिवारी और उनके बुजुर्गों के द्वारा स्थापित किये गए आदर्शों का परिणाम है, जिसके कारण बालाघाट में श्रीमती शांता तिवारी का परिवार एक ख्यातिप्राप्त और सम्मानित परिवारों में माना जाता है।



### मायके और ससुराल में सभी को जोड़े रखने का काम किया..

गौरतलब है कि जो संस्कार श्रीमती शांता तिवारी को अपने बुजुर्गों से मिले, उसके अनुरुप पदचिन्हों पर चलने का कार्य उन्होंने ताउम्र किया। इसका परिणाम है कि चाहे गोंदिया का उनके भाई मनोज दीक्षित और उनका परिवार हो या फिर बालाघाट का अपना परिवार, सभी के बीच स्नेहिल संबंध यथावत वर्षों से बरकरार रखते हुए उन्होंने सभी के प्रति अपने कर्त्तव्य निभाए। इसका परिणाम है कि आज श्रीमती शांता तिवारी आंटी के दोनों पुत्र राजेश तिवारी और अखिलेश तिवारी तथा बेटी श्वेता तिवारी एवं दोनों बहुओं संहित नाती पोते पोतीयां सभी संस्कारों की छांव में चलते हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। परिवार में दोनों भाईयों के बीच राम लक्ष्मण की तरह प्रेम और दोनों बहुओं के बीच भी स्नेह का परिणाम है कि श्रीमती शांता तिवारी आंटी के संस्कारों की शोभा अलग ही नजर आती है। विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना कैरियन बनाते हुए पुत्र राजेश तिवारी और अखिलेश तिवारी शैक्षणिक संस्था स्वामी विवेकानंद इंस्टीटयूट और स्वामी विवेकानंद आईटीआई तथा स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में भी जो योगदान दे रहे हैं, वह श्रीमती शांता तिवारी के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है।

### नारी मंच की स्थापना कर आज की युवतियों और महिलाओं मे कर रही संस्कारों का अंकुरण..

गौरतलब है कि श्रीमती शांता तिवारी आंटी ने जहां अपने परिवार को आदर्श परिवार के रुप में स्थापित करने में सफलता प्राप्त की, तो वहीं इसी के साथ बालाघाट में सर्वसमाज की महिलाओं को एकत्रित करते हुए उन्होंने नारी मंच की स्थापना भी की थी। वर्षों से निरंतर नारी मंच के बैनरतले सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा तथा रचनात्मक कार्यक्रमों के साथ ही संस्कारों और संस्कृति के अनुरुप कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। श्रीमती शांता तिवारी आंटी के नेतृत्व में जुड़ने वाली आज की युवतियां हों या फिर युवा बेटीयां और बहुएं, पढ़लिखकर भी अपने परिवार को बेहतर तरीके से संभालने और संवारने का मार्गदशन सभी को श्रीमती शांता तिवारी से प्राप्त हो रहा है, तथा इसका परिणाम है कि विगत अनेक वर्षों से नारी मंच से श्रीमती शांता तिवारी आंटी के साथ जुड़ी महिलाएं भी अपने अपने परिवारों को योग्य बनाने में निरंतर सफलता प्राप्त कर रही है। आज के आधुनिक दौर में जहां संस्कारों से अलग होने के कारण अनेक बड़े शहरों में कहीं प्रेमी के साथ मिलकर अपने पतियों की हत्याएं करने का कुकृत्य करते हुए कुछ महिलाएं भारतीय समाज को कलंकित कर रही हैं, वहीं बालाघाट में महिलाएं पारिवारिक दायित्वों की मिसाल और आदर्श कायम कर रही हैं, तथा निश्चित ही ऐसा सबकुछ बालाघाट में यदि हो रहा है, तो इसमें श्रीमती शांता तिवारी आंटी का मार्गदर्शन अहम रोल भी निभा रहा है। जगप्रेरणा परिवार श्रीमती शांता तिवारी आंटी के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें स्वस्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आज की भारतीय नारी भी उन्हीं की तरह मिसाल बने, ऐसी मंगलकामना करता है।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण पर कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर एक दिन का वेतन कटेगा

## टीएल बैठक में पेयजल स्त्रोतों के शुद्धिकरण, डायरिया रोकथाम एवं समय-सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को समयावधि (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, जनहित से जुड़े मामलों तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तार से***

समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत ÷नॉट अटेंडेड÷ की स्थिति में नहीं रहनी चाहिए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही के कारण शिकायत नॉट अटेंडेड पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी का एक दिन का वेतन काटकर रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में वर्षाकाल के दौरान संभावित जलजनित बीमारियों की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी और शुद्धिकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी हैंडपंपों एवं कुओं में समय-समय पर क्लोरीनेशन कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार पोटाश का उपयोग किया जाए, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि मानसून के दौरान पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। संबंधित विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और जहां भी दूषित पेयजल की संभावना हो, वहां तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं जनकल्याणकारी कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी विभाग नियमित रूप से अपने कार्यों की समीक्षा कर जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि आम नागरिकों को शासन की सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

# छ.ग. के दुर्ग मे महाकौशल गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए वरिष्ठ समाजसेवी अभय सेठिया..

## सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, व्यापारिक सभी क्षेत्रों मे निभा रहे अग्रणी भूमिका.. पुरे मध्यभारत मे अभय सेठिया से आगे कोई नही..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***चाहे आज का जीवन हो या फिर पुराने दौर का। भारतीय समाज में प्रत्येक व्यक्ति के कांधों पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी परिवार की होती है। परिवार की जिम्मेदारीयों को कंधों पर उठाते उठाते व्यक्ति की व्यस्तताएं इतनी होती है, कि यदि वे सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने निकलें तो किसी एक क्षेत्र में भी निरंतर***

कार्य करना मुश्किल होता है, लेकिन बालाघाट के अभय सेठिया बालाघाट जिले की ऐसी शख्सियत हैं, जिनके बारे में कहा जा सकता है कि पुरे मध्यभारत में बहुत सारे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अभय सेठिया से आगे कोई नहीं। जी हां अभय सेठिया बालाघाट जिले की ऐसी ही शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने व्यक्तित्व, अपने कार्यों से पुरे मध्यभारत में तथा देश में एक अलग पहचान भी बनाई है।

### दुर्ग मे महाकौशल गौरव अलंकरण से सम्मानित..

गौरतलब है कि अभय सेठिया की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, व्यवसायिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के कारण उन्हें छत्तीसगढ़ के दुर्ग नगर में धार्मिक शिविर के समापन के अवसर पर 'महाकौशल गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया गया है, जो निश्चित ही बालाघाट के लिये गौरव की बात कही जा सकती है।

### जैन धर्म मे योगदान..

गौरतलब है कि अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी जैन साधुओं एवं संस्कारों की छांव में आगे बढ़ते हुए अभय सेठिया जहां अन्य क्षेत्रों में अग्रणी रहे, वहीं जैन समाज के आयोजनों में भी उनका विशेष योगदान रहा। श्री सेठिया वर्तमान में श्री पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट के संरक्षक हैं, जबकि वहीं अनेक वर्षों तक ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी की जवाबदारियां भी बड़े उत्साह के साथ उन्होंने निभाई है। इसी प्रकार अभय सेठिया नमिऊंण तीर्थ उपाध्यक्ष अजमेर दादाबाड़ी जीर्णोद्धार समिति के सदस्य, बालाघाट पार्श्वनाथ मंदिर जीर्णोद्धार संयोजक के रुप में अपना योगदान दे रहे हैं, तो वहीं बालाघाट में जैन समाज द्वारा संचालित दादाबाड़ी जैन विद्यालय के अध्यक्ष के रुप में भी उन्होंने कार्य किया, वहीं वरिष्ठ सदस्य के रुप में उनका योगदान निरंतर जारी है। इसी प्रकार जैन समाज में उनकी सामाजिक सक्रियता के कारण जिले के वे ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी स्वयं की पहचान संपूर्ण म.प्र., छ.ग., महाराष्ट्र के साथ ही पुरे देश में है। जैन संतों के मार्गदर्शन में अनेक तप एवं वर्षी तप करते हुए उन्होंने पुरे श्रद्धा भक्तिभाव से स्वयं को निरंतर सपरिवार जोड़े रखा, तो वहीं पुरे देश में जैन समाज के सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में निरंतर अनेक वर्षों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वे एकमात्र व्यक्ति हैं।

### जनसंघ से लेकर भाजपा मे सक्रिय राजनेता..

गौरतलब है कि अभय सेठिया का जन्म बालाघाट के प्रमुख समाजसेवी एवं दानवीर स्व. तुलसीराम जी सेठिया के पुत्र के रुप में हुआ। उनकी शिक्षा भी बालाघाट में गव्हरमेंट स्कूल से हुई। बचपन से ही पढ़ाई के साथ साथ परिवार और जैन साधु संतों से मिले संस्कार और मार्गदर्शन का प्रतिफल रहा कि अभय सेठिया छात्र जीवन से ही सामाजिक, धार्मिक सेवाओं में अग्रणी रहे। छात्र जीवन में ही वे राजनीतिक दल जनसंघ से जुड़े, और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता भी। हिन्दुत्व एवं सनातन तथा जैन विचारधारा होने के चलते वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी जुड़े, एवं संघ के स्वयंसेवक के रुप में उन्होंने सर्वाधिक समय संघ एवं भारतीय जनता पार्टी को दिया। भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय राजनीतिक करते हुए उन्हें एक दो बार जेल यात्राएं भी करनी पड़ी, तो वहीं भाजपा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के पद से लेकर जिला संगठन में भी अनेक महत्वपूर्ण पदों का निर्वहन किया, तथा बीते 50 वर्षों से लगातार भाजपा संगठन में अभय सेठिया निःस्वार्थ भाव से सक्रिय हैं। बालाघाट जिले में एकल अभियान के प्रारंभ से 7 वर्षों तक अध्यक्ष पद पर रहते हुए कार्य करने के साथ ही वर्तमान में संरक्षक की भूमिका में अपने दायित्व का अभय सेठिया बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।

### सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र मे योगदान..

गौरतलब है कि अभय सेठिया की एक बड़ी खूबी यह भी रही कि वे सर्वसमाज के बीच भी हमेशा सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। बालाघाट जिले में आयोजित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों में अभय सेठिया की सक्रिय भूमिका हमेशा नजर आती है, तथा इसी के साथ जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम भी उन्होंने समय समय पर दिल खोलकर दिया है।

### व्यापारियो के हितरक्षक चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष..

गौरतलब है कि स्वभाव से अभय सेठिया की यह खूबी रही कि वे सच के लिये बड़े बड़ों से भी भीड़ने में पीछे नहीं रहे, यही कारण है कि प्रशासनिक अधिकारियों के बीच भी उन्होंने अपना दबदबा अपने व्यक्तित्व के कारण बना रखा है, जिसे देखते हुए बालाघाट जिले के व्यापारियों की प्रमुख संस्था चेम्बर ऑफ कॉमर्स का अध्यक्ष अभय सेठिया को बनाया गया। अनेक वर्षों से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान से लेकर व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिये अभय सेठिया अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

### मिल रही बधाईयां..

गौरतलब है कि अभय सेठिया को श्री महाकौशल जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा महाकौशल गौरव अलंकरण से सम्मानित किया जाना बालाघाट ही नहीं संपूर्ण मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। श्री सेठिया के अलंकरण से सम्मानित होने पर श्री जैन श्वेतांबर पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय लूनिया, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष भागचंद नाहर, निर्वाणा संघ के अध्यक्ष श्री दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री सोहन वैध, बालाघाट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी, सांसद भारती पारधी, कटंगी विधायक गौरव पारधी, लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी ने बधाई प्रेषित की है।

# पंवार क्षत्रिय संगठन की वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न, अध्यक्ष विशाल बिसेन के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण..

## समाज ने की विशाल बिसेन के नेतृत्व की सराहना..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला पंवार क्षत्रीय संगठन, पंवार समाज जिला बालाघाट के अध्यक्ष विशाल बिसेन के एक वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को पंवार छात्रावास, बालाघाट में संगठन के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।***

बैठक का संचालन करते हुए जिला महासचिव डॉ राजेंद्र एल कटरे ने संगठन द्वारा विगत एक वर्ष में समाज हित में किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की एवं आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया, साथ ही उपस्थित समाज जनों द्वारा संगठन के कार्यो की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई। अध्यक्ष विशाल बिसेन ने बताया कि इस एक वर्ष के कार्यकाल में संगठन द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इनमें प्रमुख रूप से प्रतिभा सम्मान समारोह, राष्ट्रीय पर्व कार्यक्रम, राजा भोज जयंती कार्यक्रम,युवा महोत्सव, छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, शरद महोत्सव, महिला सशक्ति समागम, तथा भोजशाला निर्णय पर प्रसाद वितरण आयोजन शामिल रहे।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बालाघाट मुख्यालय स्थित राजा भोज प्रतिमा स्थल के रखरखाव को लेकर नगरपालिका बालाघाट को प्रपत्र प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया, जिला संगठन में समाज के प्रत्येक घर से एक आजीवन सदस्य बनाने हेतु कार्य योजन पर अपने विचार व्यक्त किये गए साथ ही संगठन में प्रभावशाली पदों पर बैठे हुए निष्क्रिय पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर सक्रिय समाज जनों को नियुक्त करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया हैं।

पदाधिकारियों ने विगत वर्ष में आयोजित हुए सभी कार्यक्रमों को समाज में एकता और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया और आगामी वर्ष में भी इसी प्रकार सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर गति देने का संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता संगठन संरक्षक श्री कपूरचंद चौहान द्वारा की गई बैठक में जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन,संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी स्थाई पालक संरक्षक निखिल गौतम, महिला प्रकोष्ठ संरक्षक श्रीमती छाया बिसेन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती आशालता चौहान, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती डॉ प्रतिभा बिसेन, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री बिसेन, जिला महिला प्रकोष्ठ सहसचिव श्रीमती रंजना हनवत,जिला महासचिव डॉ राजेंद्र एल कटरे,युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तपन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ अक्षय कटरे, राजा भोज फाउंडेशन जिला संयोजक गुणेंद्र पटले, जिला उपाध्यक्ष चेतन पटले, लामता ब्लॉक अध्यक्ष दीपचंद ठाकरे, नगर महासचिव दिग्विजय रिनायत, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण पटले, ब्लॉक सचिव योगेश पारधी ब्लॉक कोषाध्यक्ष ओमकार चौहान, युवा जिला उपाध्यक्ष विभूति पारधी,युवा जिला सहसचिव सुशील राहंगडाले एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने कहा, ÷समाज के सभी वरिष्ठजनों और युवाओं के सहयोग से यह एक वर्ष सेवा का वर्ष रहा। यह कार्यकाल मेरा नहीं, पूरे पंवार समाज का कार्यकाल है। प्रतिभा सम्मान से लेकर महिला सशक्तिकरण तक, जो भी कार्य हुए हैं, वह सबकी सहभागिता से हुए हैं। राजा भोज जी के आदर्शों पर चलते हुए हम समाज को संगठित करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे, और आगामी वर्ष में हम शिक्षा और सामाजिक एकता पर और अधिक कार्य करेंगे।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# धनौरा मार्केट कॉम्प्लेक्स विवादः जांच अधिकारी PCO आनंद कुमार उइके के सामने खुला 'ताले तोड़ने' का सच..

## रसूखदारों ने कबूला–मर्जी से किया है शासकीय भूमि पर कब्जा..

जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।





जगप्रेरणा धनौरा।

***जनपद पंचायत धनौरा मुख्यालय की ग्राम पंचायत धनौरा में निर्मित बहुचर्चित मार्केट कॉम्प्लेक्स मामले में एक ऐसा सनसनीखेज मोड़ आ गया है, जिसने पंचायत प्रशासन और***

स्थानीय रसूखदारों की साठगांठ को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। मौके पर जांच करने पहुंचे जनपद के प्रोग्रेसिव कंप्लेंट ऑफिसर (PCO) आनंद कुमार उइके के सामने खुद कब्जाधारियों ने यह ऑन-कैमरा स्वीकार किया है कि उन्होंने किसी प्रशासनिक आदेश से नहीं, बल्कि स्वयं दुकानों के ताले तोड़कर वहां अवैध रूप से कब्जा जमाया है।

### पीसीओ की जांच में हुआ बड़ा खुलासा, बरसात को बनाया ढाल..

मिली जानकारी के अनुसार, जब मामले की गूंज जिला स्तर तक पहुंची तो जनपद पंचायत की ओर से पीसीओ आनंद कुमार उइके ने मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जांच की। इस दौरान जब उन्होंने दुकानों में व्यवसाय कर रहे लोगों से अनुमति के संबंध में कड़े सवाल पूछे, तो कब्जाधारियों ने यह हैरान करने वाला बयान दिया कि उनकी दुकानें पहले वहां झोपड़ियों और ठेलों में लगती थीं। वर्तमान में खरीफ सीजन की शुरुआत और बरसात के कारण उनका सामान खराब न हो, इसलिए उन्होंने अपनी मर्जी से नवनिर्मित दुकानों के ताले तोड़े और अंदर अपना सामान रख लिया। कब्जाधारियों ने यह साफकहा कि उन्हें किसी अधिकारी या पंचायत ने यह कॉम्प्लेक्स आवंटित नहीं किया है।

### उपसरपंच अतुल जैन ने दर्ज कराई आपत्ति,19 लाख रू. का है मामला

इस पूरे मामले पर धनौरा के उपसरपंच अतुल जैन ने ऑन-कैमरा तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह नवनिर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स वित्त आयोग के सरकारी पैसे से तैयार किया गया है, जिसके निर्माण में लगभग 19 लाख रुपये से अधिक की भारी-भरकम शासकीय राशि खर्च हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार शासकीय संपत्ति के ताले तोड़कर घुसना पूरी तरह गैर-कानूनी है। उपसरपंच ने बताया कि पंचायत स्तर पर इस गंभीर कृत्य का विरोध करते हुए जिला कलेक्टर सिवनी, जिला पंचायत सीईओ, स्थानीय तहसीलदार और धनौरा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दर्ज कराकर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।

### जनपद सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर की दो टूकः तहसीलदार करेंगे बेदखली..

इस पूरे घटनाक्रम पर जब जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) ओंकार सिंह ठाकुर से सीधी बात की गई, तो उन्होंने पूरे मामले की आधिकारिक हकीकत सामने रख दी। सीईओ ठाकुर ने स्पष्ट किया कि उक्त कॉम्प्लेक्स का कार्य अभी शासकीय रिकॉर्ड में पूर्ण नहीं माना गया है, क्योंकि इसकी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र (सी.सी.) जारी नहीं हुई है और न ही कोई तकनीकी निरीक्षण हुआ है। उन्होंने साफ कहा कि अभी तक न कोई टेंडर निकला, न नीलामी हुई और न ही कोई आवंटन हुआ है। सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर ने दो टूक शब्दों में कहा कि पीसीओ आनंद कुमार उइके की जांच रिपोर्ट के आधार पर पूरा शासकीय प्रकरण तैयार कर तहसीलदार धनौरा को सौंप दिया जाएगा, जिसके बाद तहसीलदार न्यायालय के माध्यम से इन अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर दुकानें सील की जाएंगी।

### 'ताले तोड़ने' के कबूलनामे के बाद दैनिक जगप्रेरणा के सुलगते सवालः

1. शासकीय संपत्ति के ताले तोड़कर जबरन घुसना कानूनन संगीन अपराध है, तो फिर धनौरा पुलिस और पंचायत प्रशासन ने अब तक कब्जाधारियों पर FIR दर्ज क्यों नहीं की? 2. क्या 19 लाख रू. की सरकारी लागत से बनी बिल्डिंग की सुरक्षा रामभरोसे है, जहां कोई भी रसूखदार आकर ताला तोड़कर अपनी दुकान खोल सकता है? 3. अगर बरसात में सामान बचाना ही एकमात्र वजह है, तो क्या गाँव के गरीब, भूमिहीन और अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) के बेरोजगार युवाओं को भी पंचायत यह छूट देगी कि वे भी बची हुई दुकानों के ताले तोड़कर बैठ जाएं? 4. सीईओ ने मामला तहसीलदार को सौंपने की बात कही है, लेकिन क्या जिला प्रशासन इस खुलेआम हुई प्रशासनिक हुड़दंगबाजी पर तत्काल संज्ञान लेकर दुकानों को तुरंत 'सील' करने की हिम्मत दिखाएगा?

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पदाधिकारियों के बीच संगठनात्मक कार्य विभाजन..

जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी की जिला कार्यकारिणी के स्वीकृति उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिये गए निदेशो के अनुरूप जिला स्तर पर संगठनात्मक***

मजबूती प्रदान करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा जिला पदाधिकारियों के बीच संगठनात्मक कार्य विभाजन किया गया।

जिला संगठन महासचिव हाजी हनीफ अंसारी मंडलम से प्रारंभ करके बूथ कमेटियों तक का संचालन करेंग, जिसमें प्रशिक्षण प्रभारी एवं मतदाता सूची प्रभारी एवं बीएलए से संबंधित कार्य जिला कांग्रेस सचिव दिलीप रक्सेल, मुकेश राजपूत, गजानंद हरिनखेड़ संगठन महासचिव के साथ सह सचिव के रूप में कार्य करेंगे। संगठन मोर्चा प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय जाहित खान, राजेन्द्र पटैल को बनाया गया है, साथ ही जिला कांग्रेस के सचिव उदयसिंह बघेल, मुकेश राजपूत एवं देवेन्द्र सरवैया को सह सचिव के रूप में कार्य करेंगे। मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ठा. जयकेशसिंह पटैल एवं मीडिया सह सचिव मंशाराम चन्द्रवंशी, डॉ. रमेन्द्रसिंह, सिहाब मोहम्मद खान जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव को सह सचिव के रूप में संलग्न किया गया है।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दुपेन्द्र अमुले को जिला कांग्रेस कमेटी का कोष प्रभारी नियुक्त किया गया है इनके साथ सह सचिव के रूप में जिला कांग्रेस सचिव राजेश दुबे, जीशान खान, सुनील पंचेश्वर, अरूण चौकसे को अटेच किया गया है। जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनीक मोहम्मद खान को प्रभारी तथा जिला कांग्रेस सचिव नेपालसिंह ठाकुर, डालेन्द्र राहंगडाले, सिहाब मोहम्मद खान को सह सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी कार्यक्रम प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय हाजी असलम खान तथा मोहन सिंह चंदेल को प्रभारी नियुक्त किया गया है पार्टी कार्यक्रम में सहयोग हेतु सह सचिव के रूप में जिला कांग्रेस सचिव राहुल उइके, संदीप जैन, दिलीप रक्सेल को नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस पब्लिक मीटिंग प्रभारी हेतु जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश जैन एवं जिला कांग्रेस सचिव पप्पी दीवान, अखलेश जैन, रणजोर सिंह सिसोदिया को सह-सहसचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस समन्वय समिति बैठक प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह बघेल को नियुक्त किया गया है तथा सह सचिव ओमकार राय, विपिन यादव, गजानंद हरिनखेड़े को नियुक्त किया गया है। चुनाव प्रबंधन प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अतुलचंद मालू, प्रमोद मोदी को नियुक्त किया गया है। मतदाता सूची प्रभारी जिला कांग्रेस महासचिव शिव सनोडिया, हर्षवर्धन बघेल को नियुक्त किया गया है।

जिला कांग्रेस सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों का प्रभारी जिला कांग्रेस महासचिव प्रकाश सूर्यवंशी एवं यशपाल भलावी को नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस द्वारा जिला प्रवक्ता जेपीएस तिवारी एवं राजिक अकील को कांग्रेस के संदेश को कांग्रेस द्वारा नियोजित कार्यक्रम को आम लोगो तक पंहुचाना।

सोशल मीडिया प्रभारी शिवदीप डेहरिया एवं वाट्सप समन्यक उमेश चक्रवर्ती को सोशल मीडिया एवं वाट्सप के कार्यो को करना है। कोषाध्यक्ष सुधीर जैन कोष की व्यवस्था के कार्य. जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री नरेश मरावी ने सभी प्रभारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनसे अपेक्षा व्यक्त की है कि कांग्रेस की रीतियों नीतियों के अनुसार अपना कार्य ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से करेंगे।

# गाजा के मासूम बच्चों की सुरक्षा और स्थायी युद्ध विराम की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा फिलिस्तीन के गाजा क्षेत्र में मासूम बच्चों एवं निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा,***



स्थायी युद्धविराम तथा मानवीय सहायता बढ़ाने की मांग को लेकर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर, सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में परिषद ने गाजा की गंभीर मानवीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, न्याय एवं निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कूटनीतिक पहल करने का आग्रह किया। परिषद ने कहा कि भारत की विदेश नीति सदैव मानवता, शांति और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना पर आधारित रही है तथा इस दिशा में भारत की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है।

परिषद ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (UNRWA) को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सहायता की सराहना करते हुए इसे भारत की मानवीय प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया तथा भविष्य में भी राहत एवं सहायता बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। प्रदेश संगठन महामंत्री शोएब राजा खान ने कहा कि भारत हमेशा मानवता और न्याय का पक्षधर रहा है तथा विश्व समुदाय को निर्दोष बच्चों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

जिलाध्यक्ष साजिद खान ने कहा कि यह ज्ञापन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि मानवता, शांति और मासूम बच्चों के जीवन की रक्षा के उद्देश्य से सौंपा गया है। परिषद को विश्वास है कि भारत सरकार इस गंभीर मानवीय विषय पर संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कदम उठाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री शोएब राजा खान, जिलाध्यक्ष साजिद खान, जिला सचिव फैजान खान, लीगल एडवाइजर एडवोकेट मतीन खान, एडवोकेट सलमान खान, एडवोकेट आबिद फातिमा, एडवोकेट केशव रजक एवं तुषार भलावी उपस्थित रहे।

# कौमी एकता कमेटी का सर्वसम्मति से हुआ पुनर्गठन



जगप्रेरणा सिवनी।

सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और जनसेवा के उद्देश्य से कार्यरत कौमी एकता कमेटी का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत एवं प्रभावी बनाने के साथ समाजहित के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बीते 26 जून 2026 को कौमी एकता कमेटी का पुनर्गठन संरक्षक हाजी मोहम्मद परवेज अंसारी (गोल्डी) एवं अध्यक्ष जनाब असलम बाबा की अनुशंसा पर कोर कमेटी के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और जनसेवा के कार्यों को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई।

पुनर्गठन में हाजी मोहम्मद परवेज अंसारी (गोल्डी) को संरक्षक, असलम बाबा को अध्यक्ष, तामसिंह बघेल, डॉ. के.सी. मेश्राम एवं एड. राम राजेष डेहरिया को उपाध्यक्ष, विनोद यादव को सचिव, देवराज डेहरिया को सह-सचिव, शंकरलाल डेहरिया को कोषाध्यक्ष तथा के.के. यादव को महामंत्री बनाया गया। विधि प्रकोष्ठ में एड. राम राजेश डेहरिया एवं शारिक खान, प्रवक्ता के रूप में कोमल गढ़पाल एवं के.के. यादव, संगठन मंत्री विनोद यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवराज डेहरिया तथा युवा प्रकोष्ठ सचिव अकरम खान को जिम्मेदारी सौंपी गई। शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर खान एवं सचिव कोमल गढ़पाल, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. के.सी. मेश्राम एवं सचिव अखिलेश नागेश्वर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बरकत खान एवं सचिव अशोक अकेला, मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, उपाध्यक्ष मतीन नासा, सचिव मोहम्मद हसीब तथा सदस्य देवराज डेहरिया को नियुक्त किया गया। सद्भाव प्रकोष्ठ के अध्यक्ष युसूफ अंसारी, उपाध्यक्ष प्रहलाद बघेल, वरिष्ठ सदस्य संजय यादव एवं टी.पी. सागर, सम्माननीय सदस्य राजकुमार प्रजापति तथा नाजिम खान को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। बैठक के दौरान कोर कमेटी के सदस्य एड. राम राजेश डेहरिया, तामसिंह बघेल, विनोद यादव, के.के. यादव, शंकरलाल डेहरिया एवं देवराज डेहरिया ने पुनर्गठन का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारा और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने तथा जनहित के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया। नवगठित कार्यकारिणी से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं जनसेवा के क्षेत्र में प्रभावी बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# आसमानी बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत..

जगप्रेरणा केवलारी।

***जिले के केवलारी थाना अंतर्गत अहरवाड़ा में बिजली के गिरने से खेत में काम कर रही विनीता पति भंगीलाल भरापेलिया (42) की 27 जून की शाम 4 बजे मौत हो गई।***

एएसआई राजेंद्र चौधरी ने बताया कि अहरवाड़ा निवासी विनीता अपने खेत में मक्का लगा रही थी, तभी बिजली गिरने से महिला की मौके पर मौत हो गई। स्वजनों ने महिला को केवलारी सिविल अस्पताल पहुंचाया।

जहां रविवार सुबह पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिवारजनों को सौंप दिया गया। मृतका का रविवार को अहरवाड़ा गांव के मोक्षधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433


# परीक्षा कक्ष का किया निरीक्षण



जगप्रेरणा लखनादौन।

***शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय लखनादौन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट***

ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाए चल इस दौरान नवागत मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी द्वारा निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा उपरांत छात्रों ने ब्लाक समन्वयक की उपस्थिति में नवागत जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी का स्वागत किया एवं परिचयात्मक बैठक की, डीसी द्वारा छात्रों से कैरियर गाइडेंस पर चर्चा करते हुए, छात्रों से एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज के लिए अपनी उत्कृष्ट सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जोर दिया, साथ ही वर्तमान में मप्र शासन द्वारा प्रचलित जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाए भरसक प्रयास जारी रखने की बात कही।

# मानसून की धीमी चालः असामान्य वर्षा से बन रहे सूखे के हालात..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले में इस वर्ष मानसून की शुरुआत चाल किसानों की मुश्किल बढ़ा रही है। कार्यालय तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में 1 से 28 जून 2026 तक कुल 569.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।***

जबकि पिछले वर्ष (2025) में इसी अवधि तक कुल 1235.7 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस साल जिले में अब तक पिछले साल के मुकाबले आधे से भी कम पानी बरसा है। जिले के अधिकांश विकासखंडों में किसानों और आम जनजीवन को अभी भी अच्छी वर्षा का इंतजार है। समग्र रूप से देखा जाए तो पिछले वर्ष की तुलना में औसत वर्षा 154.5 एमएम के मुकाबले 71.1 एमएम हुई है, जो कृषि कार्यों के लिए चिंता का विषय है। 27 जून को लखनादौन में जोरदार वर्षा हुई थी। तहसील क्षेत्र में दो घंटे में जिले की सर्वाधिक 81.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिससे तहसील में कुल वर्षा का आंकड़ा 147 मिलीमीटर तक पहुंच गया। हालाकि अब भी पिछले साले के मुकाबले लखनादौन में कम वर्षा हुई है। जिले में मानसून की धीमी चाल के बीच हर दिन कड़ी धूप की तपन लोगों को बैचेन व परेशान कर रही है। जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सूखे के हालात देखने को मिल रहे हैं। हालाकि कृषि विज्ञानियों का कहना है कि मानसून के आगे बढ़ने से बोवनी के कार्य में तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि प्री-मानसून के दौरान जिले में असामान्य वर्षा देखने को मिली थी।

### 4 लाख हेक्टेयर में होना हैं फसल बोवनी..

जिले में 4 लाख हेक्टेयर रकबे में खरीफ फसल की बोवनी होना है। 26 जून से मानसून से जिले में सक्रिय होने का पूर्वानुमान कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी किया था। लेकिन अब भी जिले में झमाझम वर्षा की दौर देखने को नहीं मिल रहा है। कम वर्षा की आशंका को देखते हुए किसानों को मक्का के स्थान पर तिलहनी व दलहनी फसलों में मूंगफली, सोयाबीन, मूंग, रामतिल, गन्ना इत्यादि का बीज खेतों में लगाने की सलाह कृषि अधिकारियों द्वारा दी जा रही है। मौसम के जानकारों का कहना है कि इस बार रूक-रूककर वर्षा हो रही है, जिससे वातावरण में गरमाहट कम नहीं हुई है। वहीं खेतों में अभी तक जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं हुई है, जिससे बरघाट क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य प्रारंभ हो सके। अभी तक 10-5 प्रतिशत खेतों में खरीफ फसलों की बुआई का कार्य पूरा हो सका है।

### घंसौर में सबसे कम वर्षा..

पिछले वर्ष घंसौर में 28 जून तक सर्वाधिक 333.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष यह तहसील सूखे की मार झेल रही है, जहां मात्र 22.0 मिलीमीटर पानी गिरा है। इसी तरह केवलारी में इस वर्ष अब तक मात्र 32.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो पिछले साल (182.0 मिलीमीटर) की तुलना में बहुत कम है। छपारा में 123 मिमी के मुकाबले इस वर्ष मात्र 52 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। वहीं बरघाट विकासखंड में 65 मिमी की तुलना में अब 57.2 मिमी वर्षा हो गई है। धनौरा में 176 मिमी की तुलना में मात्र 79.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### सिवनी और कुरई में राहत..

सिवनी तहसील (146.0 मिलीमीटर) और कुरई तहसील (33.0 मिलीमीटर) ही ऐसे दो विकासखंड हैं, जहां पिछले वर्ष की तुलना में इस साल थोड़ी अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

# भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन..

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों के लिए सोमवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक टाइप 'ई' जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. शिवम एवं उनकी चिकित्सा टीम ने उपस्थित लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल बिजेंद्र सिंह, स्टेशन सेल, एमबी एरिया, जबलपुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि ई सी एच एस मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा जिले में मिलने से भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।







विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# वारासिवनी में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: कृषि केंद्र में एक्सपायरी डेट के कीटनाशक मिले, जब्त कर की जाएगी नष्ट

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***किसानों के साथ धोखाधड़ी रोकने और कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 29 जून को वारासिवनी में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम)***

श्री कार्तिकेय जायसवाल के नेतृत्व में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के प्रमुख 'रूसिया कृषि केंद्र' का औचक निरीक्षण किया।







### अनियमितता पाए जाने पर सख्त रुख

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने कृषि केंद्र में उपलब्ध धान के बीज, विभिन्न कीटनाशकों के स्टॉक पंजी (रजिस्टर), व्यवसायिक लाइसेंस और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान केंद्र में कुछ कीटनाशक ऐसे पाए गए जिनकी 'एक्सपायरी डेट' (समाप्ति तिथि) निकल चुकी थी। प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल प्रभाव से सभी एक्सपायरी कीटनाशकों को जब्त कर लिया है। टीम ने स्पष्ट किया है कि किसानों के स्वास्थ्य और फसल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू

एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने जानकारी दी कि जब्त किए गए कीटनाशकों को नियमानुसार नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

### जांच टीम में रहे शामिल

इस औचक निरीक्षण कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम में प्रमुख रूप से एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार श्री सुरेश उपाध्याय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा टेंभरे उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की टीम भी निरीक्षण प्रक्रिया में पूरी तरह शामिल रही।

### किसानों के लिए संदेश

प्रशासन ने इस कार्रवाई के माध्यम से सभी कृषि विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें और एक्सपायरी सामग्री का विक्रय कतई न करें। साथ ही, किसानों से भी अपील की गई है कि वे कीटनाशक या खाद खरीदते समय हमेशा एक्सपायरी डेट जरूर जांचें और पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

इस कार्रवाई से कृषि आदान विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है और भविष्य में इस प्रकार की और भी जांच की संभावना जताई जा रही है।

# प्रशासन की तत्परता से कटंगी तहसील में टला बाल विवाह, अधिकारियों ने परिजनों को दी कानूनी समझाइश

जगप्रेरणा कटंगी।

***बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी मुख्यालय के समीपस्थ एक ग्राम में प्रशासन की सतर्कता से एक बाल विवाह होने से रोक दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर न केवल आयोजन को स्थगित करवाया,***

बल्कि परिजनों को बाल विवाह से होने वाले कानूनी दुष्परिणामों से भी अवगत कराया।







### क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार, विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि उक्त ग्राम में एक बाल विवाह का आयोजन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही परियोजना अधिकारी श्री पुष्पेंद्र रानाडे के नेतृत्व में पर्यवेक्षक श्रीमती लक्ष्मी चौधरी, श्रीमती श्रद्धा पटले, श्रीमती संगीता गोपाले और महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री जयप्रकाश ठाकरे की टीम तुरंत विवाह स्थल पर पहुँची। जांच के दौरान सामने आया कि बालिका और उसके माता-पिता मूलतः किसी अन्य ग्राम के निवासी हैं, जो यहाँ आकर विवाह का आयोजन कर रहे थे। पूछताछ में परिजनों ने स्वीकार किया कि बालिका की आयु वर्तमान में 17 वर्ष 5 माह है। हालांकि, आयु के समर्थन में वे कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

### कानूनी प्रावधानों से कराया अवगत

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2005 के तहत परिजनों और उपस्थित ग्रामवासियों को सख्त कानूनी जानकारी दी। टीम ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है। इसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों को 6 माह की सजा और 1 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

### विवाह स्थगित करने पर बनी सहमति

प्रशासनिक अधिकारियों की कड़ी समझाइश के बाद परिवारजन अपनी गलती मानने को तैयार हुए। उन्होंने आयोजित हो रहे विवाह को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया और विभाग को लिखित रूप से आश्वस्त किया कि वे बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही उसका विवाह करेंगे। विभाग की इस त्वरित कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## पैगंबर साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोषित

# नाजिया इलाही पर कठोर कार्यवाही को लेकर थाने पहुचा मुस्लिम समाज

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***हजरत मोहम्मद साहब पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से आहत एवं आक्रोषित मुस्लिम समाज ने आरोपी नाजिया इलाही पर एफआईआर दर्ज किये जाने एवं सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी पवन यादव को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा।***





इस अवसर पर जामा मस्जिद कमेटी सदर इकबाल खान, नजीर कादरी इकरार रजा, ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद सदर शमी कुरैशी, हाजी अब्दुल रहमान, हाजी एजाज कुरैशी, ताहिर हुसैन, नसीम खान, हाजी फरहान, तौसीफ कुरैशी, अरमान खान, साजिद अंसारी, आबिद खान, मतीन मंसूरी, माजिद खान, अधिवक्ता जाहिद हुसैन, जावेद कुरैशी, शमीम शेरा, राजा सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित रहे।

ज्ञापन में बताया की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर दिव्या सिंह नामक एक अकाउंट से एक पॉडकास्टचील वीडियो प्रसारित किया गया है। उक्त रील वीडियो में नाजिया इलाही खान नामक महिला के द्वारा इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब एवं उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा सिद्दीका के संबंध में कथित रूप से अत्यंत आपत्तिजनक अमर्यादित और अपमानजनक वक्तव्य दिए गए हैं।

यह वीडियो गत 11 जून 2026 को अपलोड कर प्रसारित किया गया था। उक्त आपत्तिजनक सामग्री डिजिटल माध्यमों पर बहुत तेजी से वायरल हो रही है जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाएं गंभीर रूप से आहत हुई हैं। यह मामला केवल किसी व्यक्तिगत टिप्पणी का नहीं है बल्कि यह सीधे तौर पर धार्मिक सम्मान सामाजिक सौहार्द और सार्वजनिक शांति को भंग करने का एक सुनियोजित प्रयास है। इससे क्षेत्र की कानून व्यवस्था और साम्प्रदायिक सद्भाव प्रभावित होने की गंभीर आशंका बनी हुई है।

हमारी मांग हैं की कथित विवादित रील पॉडकास्ट में शामिल मुख्य वक्ता नाजिया इलाही अकाउंट होल्डर दिव्या सिंह तथा इस रोल के निर्माण रिकॉर्डिंग संपादन प्रकाशन और प्रचार प्रसार में शामिल सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

मेटा कंपनी को तत्काल वैधानिक नोटिस भेजकर विवादित रौल से संबंधित मूलं वीडियो फाइल अपलोडिंग का समय आईपी एड्रेस और अकाउंट विवरण जैसे आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित कराए जाएं। सक्षम प्राधिकारियों के माध्यम से इंटरनेर्ट और सोशल मीडिया से इस विवादित वीडियो और इसकी सभी प्रतियोंए री अपलोड्स को हटाने अथवा देश में इसकी पहुंच को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के निर्देश जारी किए जाएं।

सोशल मीडिया पर ऐसे डिबेट इंटरव्यू या पॉडकास्ट आयोजित करने वाले होस्ट चैनल संचालकों और डिजिटल प्लैटफॉर्मों के खिलाफ उचित कानूनी निर्देश जारी किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी धर्म या धार्मिक व्यक्तित्व के प्रति नफरत और घृणा फैलाने वाली सामग्री का प्रसारण ना हो सके।

### महिला नाजिया इल्मी के द्वारा की गई टिप्पणी. से पूरे देश में आक्रोश है - इकबाल खान

सदर इकबाल खान ने बताया कि हम थाना वारासिवनी में ज्ञापन देने के लिए आए हुए थे एक महिला नाजिया इलाही के द्वारा हमारे हजरत पैगंबर साहब एवं उनकी पत्नी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की गई है इससे पूरे देश मुसलमानों में आक्रोश है उसी के तहत हम आक्रोश व्यक्त करने ज्ञापन के रूप में आए थे की ऐसी महिला के खिलाफ गंभीर धाराओं में पुलिस प्रशासन अपराध दर्ज करें और हमने यही मांग करी है यह देश में सभी को बोलने की आजादी है परंतु किसी की भावनाओं को आहत करना गलत बात है हम यही चाहते हैं कि इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो।

### मुस्लिम ही नहीं किसी भी धर्म के बारे में नहीं बोलना चाहिए - नजीर कादरी

इमाम नजीर कादरी ने बताया कि अभी मीडिया पर नाजिया नाम की एक खातून ने हमारे मजहब दीन और पैगंबर साहब के ऊपर कोई टिप्पणी कर रही है यह बात गलत है इस प्रकार से नहीं होता है। इस घटना से पूरा समाज आक्रोशित हैं हम यहां पर सामूहिक रूप से आवेदन देकर फिर दर्ज करवाने आए हैं कि ऐसे लोगों के खिलाफकानूनी कार्यवाही सख्त रूप से हो।

इस प्रकार से मुस्लिम ही नहीं किसी भी धर्म के बारे में नहीं बोलना चाहिए। इस प्रकार के बयान शांति व्यवस्था को खराब करते हैं पुलिस महिला पर सख्त कार्यवाही करें।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने के लिए नही है अभिव्यक्ति की आजादी - जाहिद हुसैन

नाजिया इलाही खान द्वारा सोशल मीडिया पर मजहब और हमारी मुकद्दस हस्तियों के खिलाफलगातार भड़काऊ और गैर-जिम्मेदाराना बयानात जारी किए जा रहे हैं हम यहाँ सिर्फ उनके खिलाफ नहीं, बल्कि उस नफरत के खिलाफखड़े हैं जो सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए फैलाई जा रही है। हमारा संवैधानिक अधिकार हमें अभिव्यक्ति की आजादी देता है, लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि हम किसी की भी धार्मिक भावनाओं या धर्मगुरुओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करें। यह देश सांझी विरासत का देश है, जहाँ विविधता ही इसकी खूबसूरती है।

यह विविधता तभी बची रहेगी जब हम एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखेंगे। हमारी मांग है कि इस मामले में जीरो पर एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने में भेजी जाए और कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# गर्रा में अवैध मुरूम खनन पर खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई

### जेसीबी और डम्पर जब्त, शासकीय तालाब से हो रहा था अवैध उत्खनन




जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिला खनिज अमले ने ग्राम गर्रा, तहसील एवं जिला बालाघाट में छापामार कार्रवाई कर अवैध मुरूम खनन का मामला पकड़ा।***

कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर स्थित एक तालाब से जेसीबी मशीन के माध्यम से डम्पर में मुरूम भरकर अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा था। खनिज अमले द्वारा मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्तियों से खनिज उत्खनन एवं परिवहन संबंधी वैधानिक अनुमति एवं आदेश प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लेकिन कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके।

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खनिज विभाग ने मौके पर ही जेसीबी मशीन एवं डम्पर को विधिवत जब्त कर लिया। जब्त जेसीबी को कलेक्टर कार्यालय स्थित खनिज शाखा परिसर में सुरक्षित रखा गया है, जबकि डम्पर को ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में निगरानी हेतु सौंपा गया है।

खनिज विभाग ने बताया कि मामले में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


## न्यायालय अपर कलेक्टर जिला बालाघाट

**।। ईश्तहार ।।**

प्रकरण क्रमांक/0085/बी-- 121/2026-27

मौजा मेढंकी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/दत्तक ग्रहिता रमेश नगपुरे पिता गेंदलाल नगपुरे एवं मुक्तेश्वरी पति रमेश नगपुरे निवासीगण मेढ़की तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट द्वारा अनावेदक/दत्तककर्ता उमेन्द्र नगपुरे पिता गेंदलाल एवं तामेश्वरी नगपुरे पति उमेन्द्र नगपुरे दोनों निवासी ग्राम डोंगरिया तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट चार संतानों में से द्वितीय पुत्री देविका नगपुरे जिसकी उम्र 06 वर्ष 05 माह जन्मतिथि 14/10/2019 को गोद लिए जाने हेतु आवेदन पत्र हिन्दू दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनियम 1956(1956 का अधिनियम संख्यांक 78)1 के अध्याय 2 में दिए गए उपबंधों के तहत गोदनामा विलेख पंजीयन अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त के सम्बंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति होने पर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई दिनाँक 30/6/2026 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि के बाद आपत्ति में कोई विचार नही होंगा।

दिनाँक 29.05.2026 को हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा स जारी किया गया।

बालाघाट दिनाँक
03/06/2026

जी एस धुर्वे आई ए एस
अपर कलेक्टर
जिला बालाघाट





क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पत्नी ने पति की सोते समय की हत्या, मौत को हार्ट अटैक बताने की कोशिश की, बच्चा न होने की वजह से रोज होती थी लड़ाई...



डेस्क जगप्रेरणा।

*कर्नाटक के मैसुरू जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां 50 वर्षीय एक व्यक्ति की उसकी पत्नी ने गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी महिला ने शुरुआती तौर पर इस*

हत्या को हार्ट अटैक से हुई मौत बताकर मामला छिपाने की कोशिश की। जब पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया तो हर कोई हैरान रह गया।

### कार के शोरूम में काम करता था मृतक..

मामले की अधिक जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान नित्यानंद के तौर पर हुई है। वह एक कार शोरूम में काम करते थे और अपनी पत्नी सुशीला के साथ रहते थे, जो एक प्राइवेट स्कूल में टीचर है। इस जोड़े की कोई संतान नहीं थी।

### रस्सी से घोंट दिया गला..

पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार रात कुवेम्पुनगर इलाके में हुई। पुलिस के मुताबिक, सुशीला ने अपने पति का गला रस्सी से तब घोंट दिया, जब वह नशे की हालत में घर लौटने के बाद सो रहा था।

### गले में चोट के निशान से हुआ शक..

पुलिस ने कहा कि सुशीला ने शुरू में नित्यानंद के भाई को बताया कि उसे दिल का दौरा पड़ा है लेकिन जब वह घर पहुंचा तो उन्होंने नित्यानंद की गर्दन पर चोट का निशान देखा और उसे शक हुआ। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

### आरोपी महिला ने पुलिस के सामने कबूला जुर्म..

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच के दौरान सुशीला ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस को शक है कि पैसे और प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में अक्सर होता था। साथ ही बच्चा न होने की वजह से दोनों के बीच रोज लड़ाई होती थी। दोनों के बीच तनाव के कारण हत्या की वारदात हुई।

### पति को मारने के बाद महिला ने नहीं खोला घर का दरवाजा..

पुलिस ने कहा कि सोमवार सुबह नित्यानंद के दोस्त दर्शन ने कई बार दरवाजा खटखटाया लेकिन सुशीला ने दरवाजा नहीं खोला। नित्यानंद के फोन का जवाब न मिलने पर दर्शन उसे ढूंढने आया था। पुलिस की एक टीम घर पहुंची, घटनास्थल का मुआयना किया और घटना की विस्तृत जांच शुरू की। मामले की जांच जारी है।

# बड़गांव में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम

## प्राचीन जल स्रोतों का करे संरक्षण, करहिे..

जगप्रेरणा लांजी।

*मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, विकासखंड लांजी द्वारा संचालित त्रैमासिक जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह ग्राम बड़गांव (म) में आयोजित किया गया।*





कार्यक्रम में लांजी किरनापुर विधायक राजकुमार करहिे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक तालाब के पूजन एवं नर्मदाष्टक के सामूहिक पाठ के साथ हुई।

समापन समारोह में विधायक श्री करहिे ने ग्रामीणों के साथ जल संवाद करते हुए गांव के ऐतिहासिक तालाब का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित बुजुर्गों से तालाब के लगभग 200 वर्ष पुराने इतिहास की जानकारी प्राप्त की और कहा कि उस समय जनसंख्या कम होने के बावजूद हमारे पूर्वजों ने बिना किसी शासकीय सहायता के अपने श्रम और दूरदर्शिता से इतना विशाल जलस्रोत तैयार किया। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने न केवल अपनी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल की व्यवस्था की थी, जबकि आज छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी हम सरकार पर निर्भर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है और जन अभियान परिषद का उद्देश्य आत्मनिर्भर गांवों का निर्माण करना है।

जला समन्वयक महेश पटले ने परिषद की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेशभर में लगभग 1700 क्षतिग्रस्त एवं कूड़ा दान में तब्दील हो चुकी बावड़ियों का चिन्हांकन कर शासन द्वारा उनका जीर्णोद्धार कराया गया है, जो जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में संतोष नागपुरे ने त्रैमासिक अभियान के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं प्रोफेसर सुरेन्द्र चिखले ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जल संरक्षण, भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट तथा भविष्य में संभावित जल संकट के प्रति लोगों को जागरूक किया और जल स्रोतों के संरक्षण का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन विजय हटीले ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन धर्मेन्द्र बैस ने व्यक्त किया। इस अवसर पर ढोढू लिल्हारे, चुन्नू करायत, चैन सिंह बैस, जितू बंबूरे (मंडल अध्यक्ष), कोमल भगत (सरपंच प्रतिनिधि), घनश्याम पारधी, डोमेश्वर सोनवाने, लवकुश यादव, मुनेश पटले, संदीप रामटेककर (उपाध्यक्ष नगर परिषद एवं परामर्शदाता), अशोक घरते, ज्योति शकरपुडे, निलेश्वर ठाकरे सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य,

एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम की विशेष आकर्षण गांव के ऐतिहासिक तालाब की आकर्षक साज-सज्जा रही। ग्रामीणों के जनसहयोग से तालाब परिसर को रंग-बिरंगे ध्वजों एवं चूने से रेखांकन कर सजाया गया, जिसने जल संरक्षण के प्रति सामुदायिक सहभागिता और जन-जागरूकता का प्रेरक संदेश दिया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान बॉर्डर पर किया हमला, 29 लोगों की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

*पाकिस्तानी सेना ने रविवार रात अफगानिस्तान बॉर्डर पर जोरदार हमला किया, जिसमें 29 लड़कों के मारे जाने की खबर है। पाकिस्तानी सेना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्स ने रविवार को पाकिस्तान-अफगानिस्तान बॉर्डर पर एक ग्राउंड ऑपरेशन किया।*

इस दौरान आतंकवादियों के ठिकानों और सुरक्षित ठिकानों पर 'सोचे-समझे हमले' किए गए, जिसमें 29 लड़ाके मारे गए। इन्फॉर्मेशन मिनिस्टर अताउल्लाह तरार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह ऑपरेशन देश भर में हुए कई आतंकवादी हमलों के जवाब में शुरू किया गया था। अफगानिस्तान की तरफसे तुरंत कोई जवाब नहीं आया।

### पाकिस्तानी सेना पर हो रहे हमले..

पाकिस्तान में हाल के सालों में पुलिस और सिक्योरिटी फोर्स को निशाना बनाकर किए गए आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। अधिकारियों ने ज्यादातर हिंसा के लिए पाकिस्तानी तालिबान, जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, या टीटीपी के नाम से जाना जाता है, और उससे जुड़े आतंकवादी ग्रुप्स को जिम्मेदार ठहराया है।

एक दिन पहले ही बंदूकों और विस्फोटकों से लैस आतंकवादियों ने कराची में पैरामिलिट्री रेंजर्स के रीजनल हेडक्वार्टर को निशाना बनाया था, जिसमें तीन सैनिक मारे गए थे। इसके बाद सिक्योरिटी फोर्स ने तीन हमलावरों को मार गिराया और एक और हमलावर को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान सेना ने एक अफगान नागरिक के तौर पर की है।

### तालिबान का सहयोगी है टीटीपी..

पाकिस्तानी तालिबान से अलग हुए गुट जमात-उल-अहरार ने शनिवार रात एक बयान में कराची हमले की जिम्मेदारी ली। तरार ने कहा कि अफगान बॉर्डर पर पाकिस्तान के नए ऑपरेशन में पाकिस्तानी तालिबान के ठिकानों और सुरक्षित ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तानी तालिबान अफगान तालिबान से अलग मिलिटेंट ग्रुप है, हालांकि दोनों सहयोगी हैं। अफगान तालिबान 2021 में पड़ोसी अफगानिस्तान में सत्ता में वापस आ गया।

### तीन सप्ताह के अंदर पाकिस्तान ने दोबारा हमला किया..

नए ऑपरेशन से इस्लामाबाद और काबुल के बीच पहले से ही तनावपूर्ण रिश्तों में और तनाव आने की संभावना है। पाकिस्तान की सेना ने लगभग तीन सप्ताह पहले अफगानिस्तान में मिलिटेंट ठिकानों पर हवाई हमले शुरू किए थे। इन हमलों के बाद तीन हफ्ते से भी कम समय में पाकिस्तानी सेना ने बॉर्डर पर हमला किया है। इन हमलों ने लगभग एक महीने की शांति को खत्म कर दिया, जिसे इस्लामाबाद ने पड़ोसी देशों के बीच खुली लड़ाई बताया था, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पक्की शांति लाने की कोशिशें की जा रही थीं।

### फरवरी से दोनों देशों के बीच तनाव..

पाकिस्तान और अफगानिस्तान एक दूसरे पर फरवरी के महीने से हमले कर रहे हैं। फरवरी से बॉर्डर पार लड़ाई में सैकड़ों लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान ने अफगान इलाके में एयरस्ट्राइक की थी, जिसके बाद अफगानिस्तान ने जवाबी हमले किए थे। इसके बाद से कई बार दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति वार्ता हुई है, लेकिन कोई भी सीजफायर लंबे समय तक नहीं चला है। चीन ने अप्रैल में दोनों पक्षों की मेजबानी भी की थी और बाद में बीजिंग ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान अपने झगड़े को न बढ़ाने और हल ढूंढने पर सहमत हुए हैं।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में कई हमले किए..

पाकिस्तान ने पिछले साल से बॉर्डर पर और अफगानिस्तान के अंदर कई हमले किए हैं, जिसमें टीटीपी और दूसरे आतंकी संगठनों के कथित ठिकानों को निशाना बनाया गया है। पाकिस्तान अफगानिस्तान की अफगान तालिबान सरकार पर उन मिलिटेंट्स को पनाह देने का आरोप लगाता है, जो पाकिस्तान के अंदर जानलेवा हमले करते हैं। टीटीपी इन आतंकी संगठनों में सबसे अहम नाम है। हालांकि, अफगानिस्तान इस आरोप से इनकार करता है।

# अल्मोड़ा में गहरी खाई में गिरकर पिचकी ऑल्टो कार, कांग्रेस नेता सहित 4 की मौत..




डेस्क जगप्रेरणा।

*उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। ऑल्टो कार में सवार सभी लोग लमगड़ा क्षेत्र के चायखान से बेगनिया गांव की ओर जा रहे थे।*

रास्ते में कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार अचानक अनियंत्रित होकर 25 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 2 लोग गंभीर घायल हो गए। मृतकों में कांग्रेस जिला सचिव भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शव बाहर निकालने में हुई रेस्क्यू टीम को परेशानी

मिली जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा क्षेत्र के चायखान-बलिया बेगनिया मोटर मार्ग पर कार अचानक बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी चकनाचूर हो गई। राहगीरों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण रहा। कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकालने में रेस्क्यू टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कार में सवार थे 6 लोग..

दुर्घटनाग्रस्त कार में कूल 6 लोग सवार थे जिनमें से चार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### मृतकों के नाम-

इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान कांग्रेस जिला सचिव राजेंद्र सिंह, पान सिंह, जगदीश और लछ्म सिंह के रूप में हुई है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घायलों की पहचान सचिन सिंह और गोपाल सिंह के रूप में हुई है।

### पुलिस ने क्या कहा?

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि 4 लोगों की मौत हुई है और दो लोग घायल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने की बात सामने आई है। हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही पता चलेगा।

# जर्मनी के स्टेड में गोलीबारी, 5 लोगों की मौत; दो संदिग्ध गिरफ्तार..



डेस्क जगप्रेरणा।

*जर्मनी के स्टेड शहर में सोमवार को गोलीबारी का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक इस गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई है। हालांकि यह गोलीबारी किस लिए हुई और किन लोगों के बीच हुई, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई है और पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है।*

अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वह इस इलाके में न जाएं। इसके साथ ही अब पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। अभी तक दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### दो संदिग्ध गिरफ्तार..

पुलिस ने बताया कि सोमवार को उत्तरी जर्मनी के स्टेड शहर में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। जर्मन समाचार एजेंसी **DPA** ने पुलिस के हवाले से बताया कि दो संदिग्धों को गिरफ़्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि युवाओं के लिए बने एक सेंटर के पास गोलियां चलीं और वे शहर के सेंटर के दक्षिण में स्थित सड़क, डैंकर्सस्ट्रैस पर एक बड़ा ऑपरेशन चला रहे थे। क्या हुआ या पीड़ित कौन थे, इस बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं मिल पाई। बता दें कि स्टेड की आबादी लगभग 50,000 है और यह हैम्बर्ग से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) दूर स्थित है।

### पुलिस ने इलाके को सील किया..

फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे उस इलाके में न जाएं और ऑपरेशन के दौरान इमरजेंसी सर्विस के निर्देशों का पालन करें। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी की वजह अभी पता नहीं चल पाई है और जांच करने वाले यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह घटना क्यों हुई। पुलिस ने घटनास्थल वाले इलाके को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीमें घटनास्थल की जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर पीड़ितों की पहचान और गोलीबारी से जुड़ी परिस्थितियों समेत और जानकारी दी जाएगी।

### जर्मनी में हुई हाल की घटनाएं..

सोमवार को हुई गोलीबारी की घटना, पिछले दो सालों में जर्मनी में हुई हिंसा की कई बड़ी घटनाओं के बाद हुई है। इससे पहले फरवरी 2025 में, पूर्व बॉक्सर बेसार निमानी की हत्या से जुड़े मुकदमे के दौरान बीलेफेल्ड में एक कोर्ट के पास गोलीबारी हुई, जिसमें चार लोग घायल हो गए थे। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और पुलिस ने जांच की कि क्या यह गोलीबारी चल रहे अदालती मामले से जुड़ी थी। इससे पहले, दिसंबर 2024 में, सऊदी मूल के एक मनोचिकित्सक ने मैगडेबर्ग में क्रिसमस के भीड़-भाड़ वाले बाज़ार में किराए की कार घुसा दी, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए। बाद में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जर्मन अधिकारियों ने बताया कि हमलावर के विचार इस्लाम-विरोधी थे और वह दक्षिणपंथी विचारधारा का समर्थक था। स्टेड में हुई हालिया गोलीबारी ने एक बार फिर सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जबकि पुलिस हमले के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

# दो ट्रकों की भिड़ंत के बाद लगी आग

## चालक जिंदा जला, दो घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राजस्थान में बीकानेर जिले के जामसर क्षेत्र में एक बस स्टैंड के पास रविवार रात दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत के बाद उनमें आग लग गई और*

एक चालक की जलकर मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हरियाणा नंबर का ट्रक बीकानेर से श्रीगंगानगर की ओर जा रहा था जबकि बीकानेर नंबर का ट्रक टाइल्स से लेकर बीकानेर की ओर आ रहा था।

पुलिस के अनुसार चालराय बस स्टैंड के पास दोनों ट्रकों की भिड़ंत हो गई जिसके बाद उनके डीजल टैंक फट गए और ट्रक देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गए। पुलिस ने बताया, हादसे में हरियाणा नंबर के ट्रक का चालक संदीप जयंत (36) केबिन में फंस गया और जलकर मर गया। संदीप उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार दिनेश बिश्नोई और मोहेम्मद इब्राहिम नामक दो लोग घायल हो गये और उन्हें प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पीबीएम) अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार दमकल की गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि आग बुझने के बाद हरियाणा नंबर के ट्रक की चालक सीट पर कंकालनुमा शव मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।







जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## क्रिकेट ओलंपिक क्वालीफिकेशनः पुरूष के लिये रैंकिंग, महिला वर्ग में टी20 विश्व कप का प्रदर्शन अहम..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम को लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये सीधे क्वालीफाई करना है तो वर्ष 2026 के आखिर में आईसीसी टी20 रैंकिंग में एशिया में शीर्ष पर रहना होगा जबकि महिला वर्ग में इंग्लैंड में चल रहे विश्व कप की शीर्ष चार टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी।***



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को क्वालीफिकेशन मानदंडों की घोषणा की। क्रिकेट ओलंपिक में सौ साल बाद लौट रहा है और पुरूष तथा महिला वर्गों में छह छह टीमें भाग लेंगी। विभिन्न महाद्वीपों से चार कोटा स्थान रैंकिंग से तय होंगे। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरूष टी20 टीम रैंकिंग में महाद्वीपों के आधार पर सबसे ऊंची रैंकिंग वाली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को ये चार कोटा स्थान आवंटित किये जायेंगे।' कट आ की तारीख 31 दिसंबर 2026 रखी गई है । महिला वर्ग में चार कोटा स्थान टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली चार टीमों को दिये जायेंगे। इस मानदंड के तहत आस्ट्रेलिया (ओशियाना), दक्षिण अफ्रीका (अफ्रीका) और इंग्लैंड (यूरोप) सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ये कोटा हासिल कर चुके हैं ।

आईसीसी ने कहा, 'ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन हिस्सा लेता है लिहाजा कोटा सिर्फएक ब्रिटिश देश इंग्लैंड को दिया जायेगा।' वेस्टइंडीज भी इंग्लैंड में चल रहे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। भारत की संभावना के बारे में टूर्नामेंट के आखिरी परिणाम के बाद पता चलेगा। विभिन्न कैरेबियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले आईसीसी के सदस्य के तौर पर वेस्टइंडीज को आईओसी की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के रूप में मान्यता नहीं मिली है लिहाजा वह ओलंपिक खेलों में भाग लेने या एक ईकाई के रूप में कोटा हासिल करने की पात्रता नहीं रखता ।

वेस्टइंडीज में एंटीगा और बारबुडा, बारबाडोस, ब्रिटिश वर्जिन आईलैंड, डोमिनिका, ग्रेनाडा, गयाना, जमैका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडाइन्स, त्रिनिदाद और टोबैगो, यूएस वर्जिन आईलैंड की एनओसी शामिल है। मेजबान अमेरिका को पुरूष और महिला वर्ग में एक कोटा मिलेगा क्योंकि क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान उसने रैंकिंग में 15 या उससे बेहतर स्थान पर रहने के आईसीसी के मानदंडों को पूरा किया है ।

'फाइनल ओलंपिक ग्लोबल क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट' महिला और पुरूष वर्ग में अलग से आयोजित किया जायेगा जिसकी तारीखें बाद में तय होंगी। रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई नहीं कर सकी लेकिन पात्रता रखने वाली अगली आठ शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें महिला और पुरूष वर्ग में एक स्थान के लिये मुकाबला करेंगी। अगर वेस्टइंडीज उन आठ टीमों में शामिल होती है जिन्होंने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है, तो आईसीसी एक 'वेस्टइंडीज नेशंस रीजनल टूर्नामेंट' आयोजित करेगा। इससे यह तय होगा कि फाइनल क्वालीफायर में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कौन सी एनओसी करेगी।

फाइनल क्वालीफायर में महाद्वीपीय प्रतिनिधित्व की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की घोषणा एक अहम पड़ाव है क्योंकि यह खेल एक सदी बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है और यह क्रिकेट खेलने वाले देशों के लिए दुनिया के सामने खेल को दिखाने का एक शानदार मौका होगा।

शाह ने कहा, 'ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे खेल के लिए एक ऐतिहासिक पल है और दुनिया के सामने क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का एक जबरदस्त मौका है। इस क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की पुष्टि लॉस एंजिल्स 2028 की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे दुनिया भर के सदस्यों को ओलंपिक मंच तक पहुंचने का एक साफ और रोमांचक रास्ता मिलता है।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक खेल बहु स्पर्धा खेलों का शिखर हैं

और लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट को शामिल करने से हर क्षेत्र के खिलाड़ियों और प्रशंसकों को प्रेरणा मिलेगी। यह एक ऐतिहासिक पल है और हमारे सदस्यों के लिए एक बड़ा मौका है क्योंकि हम खेल को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे दुनिया भर में नए दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं।'

## जैस्मिन भसीन संग शादी के सवालों से परेशान हुए अली गोनी, शेयर किया पोस्ट- 'रिश्तेदारों से ज्यादा इंस्टा पर लोग पीछे पड़े हैं'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी एक्टर अली गोनी और जैस्मिन भसीन टीवी इंडस्ट्री के सबसे चहेते कपल्स में से हैं। दोनों के फैंस लंबे समय से इनकी शादी का इंतजार कर रहे हैं;***



जिसके चलते सोशल मीडिया पर अक्सर अली गोनी और जैस्मिन भसीन की शादी को लेकर अटकलें लगाई जाती रही हैं। यूं तो जैस्मिन और अली एक-दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे हैं, लेकिन बिग बॉस 14 में दोनों ने खुलेआम अपने प्यार को दुनिया के सामने जाहिर किया था। इसके बाद से ही फैंस इनकी शादी को लेकर उत्सुक हैं, जिस पर अब अली गोनी ने भी प्रतिक्रिया दी है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जैस्मन और अली इस साल के आखिरी या फिर 2027 की शुरुआत में दोनों शादी कर सकते हैं, ऐसे में अली गोनी से रहा नहीं गया और उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए शादी की अफवाहों पर खुलकर बात की है।

### अली गोनी ने शादी की अफवाहों पर दी प्रतिक्रिया..

अली गोनी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी और जैस्मिन भसीन की शादी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। अपने पोस्ट में अली गोनी ने लिखा- 'जब शादी करनी होगी, खुद बता दूंगा सबको। मेरे रिश्तेदार भी मेरे इतने पीछे नहीं पड़े हैं जितना यहां इंस्टाग्राम पर लोग पीछे पड़े हैं। अपना-अपना काम करो और खुश रहो और रहने दो।' इसी के साथ अली ने फोल्डेड हैंड और लाफिंग इमोजी का भी इस्तेमाल किया है।

### अली गोनी ने अपनी शादी के प्लान के बारे में क्या कहा?

हाल ही में 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ बातचीत में, अली गोनी ने अपने वेडिंग प्लान्स के बारे में बात की थी। जब अभिनेता से उनकी शादी के प्लान के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया था कि उनके और जैस्मीन भसीन, दोनों के परिवार वाले चाहते हैं कि अब वे दोनों शादी कर लें। हालांकि, उनका मानना है कि सही समय का फैसला आखिरकार भगवान के हाथ में है। उनके मुताबिक, यह फैसला तब लिया जाएगा जब उन्हें लगेगा कि अब शादी करने का सही समय है।

### परिवार से शादी का दवाब..

एक्टर ने शादी के प्लान के बारे में बात करते हुए कहा था- 'अल्लाह का प्लान अभी उनके हाथ में है। मेरे घर से शादी को लेकर बहुत दबाव आ रहा है। मेरी मां का कहना है कि अब मुझे शादी कर लेनी चाहिए।' वहीं जब जैस्मीन की शादी की तैयारी के बारे में अली से पूछा गया, तो एक्टर ने बताया कि वह पहले से ही तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'जैस्मीन तो पहले से ही शादी के लिए तैयार है। मैं भी तैयार हूं और बात ये है कि अब मैं भी चाहता हूं कि शादी जल्द हो जाए।' इसी दौरान जब अली से पूछा गया कि क्या फैंस इस साल शादी की उम्मीद कर सकते हैं तो अभिनेता ने कहा- 'हो सकता है।'

### अली गोनी और जैस्मिन भसीन की लव स्टोरी..

अली गोनी और जैस्मिन भसीन की लव स्टोरी की बात करें तो दोनों की मुलाकात रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियेलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 9' के दौरान हुई थी। यहीं से इनकी दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई। अक्सर दोनों साथ में तस्वीरें पोस्ट करने लगे, जिसे देखने के बाद फैंस को पहले से ही अंदेशा हो गया था कि दोनों के बीच कुछ तो खिचड़ी पक रही है, लेकिन दोनों एक-दूसरे को अपना बेस्टफ्रेंड बताते रहे। वहीं बिग बॉस 14 में एंट्री के बाद दोनों ने दुनिया के सामने अपना प्यार कुबूल कर लिया और तब से दोनों साथ हैं।

## पाकिस्तान में हिट लेकिन भारत में फ्लॉप रही थी इमरान हाशमी की 'आवारापन', 19 साल बाद आ रहा सीक्वल, सुपहिट थे गाने...

डेस्क जगप्रेरणा।

***इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन 2 का टीजर आज सोमवार को रिलीज हो गया है। डायरेक्टर नितिन कक्कड़ की इस फिल्म में इमरान के साथ सलिल आचार्य और शबाना आजमी भी दमदार रोल्स में नजर आने वाले हैं।***



सोमवार को मेकर्स ने आवारापन 2 का टीजर रिलीज कर दिया है और फिल्म 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेकिन इस फिल्म की चर्चा के साथ साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म आवारापन भी लोगों के दिमाग में घूम गई है। ये एक ऐसी फिल्म रही थी जिसके गाने सुपरहिट रहे थे लेकिन भारत में इस फिल्म को फ्लॉप का तमगा मिला था। लेकिन खास बात ये है कि ये फिल्म पाकिस्तान में खूब पसंद की गई थी और सुपरहिट साबित हुई थी। इस फिल्म का क्रेज  पाकिस्तान में लंबे समय तक देखने को मिला था।

### बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहा था प्रीक्वल..

आवारापन साल 2007 में रिलीज हुई थी और इसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी शुगफ्ता रफीक ने लिखी थी और लोगों के जहन में उतर गई थी। इमरान के साथ श्रेया सरण ने लीड रोल प्ले किया था और लोगों को भी ये जोड़ी काफी पसंद आई थी। इसके साथ ही मृणालिनी शर्मा ने भी दमदार रोल निभाया था।

इसके साथ ही आशुतोष राणा, अशीष विद्यार्थी, रहमान खान, पूरब कोहली और साद रंधावा भी अहम किरदार निभाते दिखे थे। फिल्म को मुकेश भट्ट ने प्रोड्यूस किया था और उनके साथ साहिनी बॉब और सुमित सभ्रवाल भी प्रोड्यूसर्स की टीम में शामिल थे। लेकिन चौंकाने वाली बात ये है कि ये फिल्म कमाई के मामले में सुपरफ्लॉप रही थी। बॉक्स ऑफिस इंडिया के आंकड़ों की मानें तो फिल्म का बजट 18 करोड़ रुपये था और इसने वर्ल्डवाइड महज 12 करोड़ रुपयों की ही कमाई कर पाई थी।

### ऑनलाइन डीवीडी ने बनाया सुपरहिट..

ये फिल्म जिस दौर में रिलीज हुई थी तब डीवीडी प्लेयर्स का जमाना था। कमाल की कहानी और सुपरहिट गानों के साथ आई ये फिल्म 'आप का सुरूर' के साथ सिनेमाघरों में उतरी और इसी फिल्म की वजह से इसकी कमाई पर गहरा असर पड़ा। हालांकि जब ये फिल्म सिनेमाघरों से उतरी तो डीवीडी में लोगों को खूब पसंद आई। ये फिल्म टीवी पर भी लोगों का मनोरंजन करती रही और आज भी इसके गाने लोगों के जहन में बसे हैं। अब देखना होगा कि आवारापन का सीक्वल आवारापन 2 कमाई के मामले में क्या नए रिकॉर्ड बना सकती है।

## 9 साल के तैमूर ने धर्म को लेकर कही दिल जीत लेने वाली बात, बच्चों की परवरिश पर बोले सैफ अली खान- भगवान एक हैं..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर के दोनों बच्चे अक्सर सुर्खियों में बन रहते हैं। दोनों अपने बेटों तैमूर और जहांगीर की परवरिश को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। दोनों ही सितारे अपने बच्चों को लेकर खुलकर बात करते हैं;***



फिर चाहे वो उनकी परवरिश से जुड़ी हो या उनकी लाइकिंग से, हाल ही में सैफने बताया कि वो अपने बच्चों को समावेशी नजरिए से कैसे जोड़ रहे हैं।

इस बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि धर्म और आस्था के उनके और बच्चों के लिए क्या मायने हैं। सैफ ने कहा कि वे अपने बच्चों को हमेशा यही सिखाते हैं कि ईश्वर एक ही है, बस उसे अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है।

### धर्म और अध्यात्म पर सैफअली खान की बेबाक बातचीत..

लंदन में आयोजित 'वी वीमेन्स' इवेंट के दौरान सैफ अली खान ने अपने बेटों तैमूर और जेह के साथ धर्म को लेकर होने वाली बातचीत पर खुलकर चर्चा की। सैफ ने कहा, 'यह एक ऐसा विषय है जिस पर मुझे अपने बच्चों से बात करना बेहद पसंद है।

मैं खुद बहुत ज्यादा धार्मिक इंसान नहीं हूं। मेरी मां शर्मिला टैगोर ने मुझे जो सिखाया, वही मैंने अपने बच्चों को सिखाया है कि भगवान एक है और उसके कई नाम हैं। यह बहुत सीधी सी बात है। आप अलग-अलग जगहों पर जाकर उसकी इबादत या पूजा करते हैं। अगर आपका धर्म आपको दूसरे इंसानों के प्रति प्यार और माफी की सीख देता है तो बस यही धर्म है।'

### सैफ को बचपन में मिला कैसा माहौल..

सैफ ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि वे क्रिश्चियन स्कूल में पढ़ते थे तो इसाई धर्म के माहौल में पले-बढ़े हैं। उन्होंने चर्च में काफी समय बिताया है और ऐसे स्कूलों में पढ़ाई की है जहां दिन की शुरुआत चैपल से होती थी। उन्होंने कहा कि उनके घर में बच्चे एक धर्म की प्रार्थना करने के बाद दूसरे धर्मों की प्रार्थनाएं भी दोहराते हैं। उनके यहां जितनी धूमधाम से दिवाली मनाई जाती है, उतने ही चाव से क्रिसमस का त्योहार भी सेलिब्रेट किया जाता है।

### 9 साल के बेटे तैमूर के जवाब ने सैफको किया हैरान..

बातचीत के दौरान सैफ ने अपने बड़े बेटे तैमूर के साथ हुई हालिया बातचीत का एक दिलचस्प किस्सा साझा किया। सैफने बताया कि उन्होंने तैमूर से पूछा था कि धर्म और कार्यप्रणाली में क्या अंतर होता है? 9 साल के तैमूर ने इसका ऐसा जवाब दिया, जिसने सैफको काफी प्रभावित किया। तैमूर ने कहा, 'धर्म में हम प्रार्थना करते हैं, लेकिन कार्यप्रणाली में हम प्रार्थना नहीं करते।' सैफने मुस्कुराते हुए कहा कि यह एक बेहद समझदारी भरा जवाब था। उन्होंने आगे कहा, 'हम घर में लगातार इन विषयों पर चर्चा करते रहते हैं। मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं कि मेरी परवरिश एक खुले माहौल में हुई। मेरी मां इन चीजों को लेकर बेहद उदार थीं और मेरी पत्नी करीना की सोच भी बिल्कुल ऐसी ही है। हमारा नजरिया धार्मिक होने से ज्यादा आध्यात्मिक है।'

### सैफ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स..

वर्कफ्रंट की बात करें तो सैफअली खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हम हिंदुस्तानी' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। राहुल ढोलकिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रतीक गांधी, दीपक डोबरियाल, मीमी चक्रवर्ती, सारिका और श्रद्धा डांगर जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसी साल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके अलावा सैफके पास प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' भी है, जिसमें वे अक्षय कुमार और सैयामी खेर के साथ नजर आएंगे। सैफ को आखिरी बार नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म 'कर्तव्य' में देखा गया था। इसके अलावा वो 'देवरा 2' में भी नजर आएंगे।

## भारत ने इंग्लैंड को शूटआउट में हराया, जीत के साथ खत्म किया FIH प्रो लीग में अपना अभियान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय मेन्स हॉकी टीम ने FIH प्रो लीग 2025-26 अभियान का शानदार अंदाज में समापन किया। लंदन में खेले गए आखिरी मुकाबले में भारत ने मेजबान इंग्लैंड को रोमांचक शूटआउट में 3-2 से हराया।***



निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हो सका और मुकाबला 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन शूटआउट में भारतीय खिलाड़ियों ने बेहतरीन संयम दिखाते हुए जीत हासिल कर ली। ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में खेले गए इस मुकाबले में भारत के लिए अभिषेक, शिलानंद लकड़ा और हार्दिक सिंह ने शूटआउट में गोल किए। वहीं भारतीय डिफेंस ने पूरे मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में इंग्लैंड ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआती मिनटों में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार ने शानदार डबल सेव कर टीम को शुरुआती झटके से बचाया। इसके बाद भी उन्होंने सैम वार्ड के एक और खतरनाक प्रयास को नाकाम कर इंग्लैंड को बढ़त लेने से रोक दिया।

### भारत ने गंवाए गोल करने के कई मौके..

पहले क्वार्टर में भारत को अभिषेक के जरिए गोल करने का मौका मिला, लेकिन उसे भुनाया नहीं जा सका। दूसरे क्वार्टर में भी इंग्लैंड ने लगातार दबाव बनाए रखा।

निकोलस बंडुराक गोल करने के करीब पहुंचे, जबकि दूसरी ओर भारत के जरमनप्रीत सिंह ने भी गोलकीपर की कड़ी परीक्षा ली। हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम ज्यादा आक्रामक अंदाज में लौटी। हार्दिक सिंह ने शानदार काउंटर अटैक शुरू किया और 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर भी दिलाया, लेकिन अमनदीप लकड़ा उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। तीसरे क्वार्टर के आखिर में मुकाबले का सबसे बड़ा मोड़ आया, जब यशदीप सिंह पर हेनरी क्रॉफ्ट को फाउल करने का आरोप लगाते हुए इंग्लैंड को पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया। भारत ने तुरंत रेफरल लिया और वीडियो रिप्ले में साफ हुआ कि टैकल पूरी तरह वैध था। इसके बाद अंपायर ने अपना फैसला बदल दिया।

### शूटआउट में टीम इंडिया ने मारी बाजी..

अंतिम क्वार्टर में इंग्लैंड ने लगातार हमले किए और आखिरी क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया। मैच खत्म होने में महज दो सेकंड बाकी थे, तभी मेजबान टीम को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने दूसरी बार सफल रेफरल लेकर उस फैसले को भी पलटवा दिया। निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 रहने के बाद मुकाबले का फैसला शूटआउट से हुआ। यहां भारत ने 3-2 से जीत दर्ज करते हुए **FIH** प्रो लीग 2025-26 अभियान का समापन जीत के साथ किया।

## मांडविया ने एवीसी पुरुष वॉलीबॉल कप में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को सम्मानित किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को उस भारतीय टीम को सम्मानित किया जिसने एवीसी पुरुष वॉलीबॉल कप में देश का पहला पदक जीतकर इतिहास रचा।***



खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहयोगी स्टाफ को बधाई देते हुए मांडविया ने कहा, 'यह पदक ऐतिहासिक है, लेकिन यह सिर्फ शुरुआत होनी चाहिए। हर उपलब्धि बड़ी जिम्मेदारी और ज्यादा उम्मीदें लेकर आती है।' उन्होंने कहा, 'सरकार की हर नीति, हर निवेश और हर कोशिश का मकसद हमारे खिलाड़ियों को उनकी पूरी क्षमता का अहसास कराने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करना है।' एवीसी पुरुष वॉलीबॉल कप एशिया में पुरुषों की प्रमुख महाद्वीपीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता है। 2026 का संस्करण पहला मौका था जब भारत ने टूर्नामेंट की मेजबानी की जिससे देश के खेल कैलेंडर में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया।

जेरोम विनिथ चार्ल्स की कप्तानी में 14 खिलाड़ियों वाली भारतीय राष्ट्रीय टीम और सर्बियाई कोच ड्रैगन मिहाइलोविच ने सोमवार को गांधीनगर में मांडविया से मुलाकात की। भारतीय वॉलीबॉल के भविष्य पर भरोसा जताते हुए मांडविया ने कहा कि टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि देश भर के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी और सभी स्तरों पर खेल के विकास को नयी गति देगी। भारत पूल चरण के दौरान अजेय रहा और उसने एशिया की कुछ सबसे मजबूत टीम के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन और मजबूती दिखाई। घरेलू टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में बहरीन को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता जो एवीसी पुरुष वॉलीबॉल कप के इतिहास में भारत का पहला पदक और अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारत को कांस्य पदक से महत्वपूर्ण एआईवीबी विश्व रैंकिंग अंक मिले जिसके टीम 18 स्थान ऊपर चढ़कर 60वें से 42वें स्थान पर पहुंच गई।

# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## राम मंदिर की चोरी लोगों के विश्वास का अंत..

मंदिरों में लगभग भगवान की मूर्ति पत्थर की होती हैद्य सोचो अगर सोने चांदी की रहे तो यह पापी लोग उसको भी बेच दे।

देश में करोड़ लोग ईश्वर में आस्था रखते हैं इस विश्वास के साथ कि उनका चढ़ाया हुआ सोने चांदी पैसे देश के किसी अच्छे कार्य में लगेंगे। और करोड़ों का चढ़ावा मंदिरों में चढ़ाते हैं।

और जब विश्वास और आस्था का इतने विश्वनिय देश के आराध्य श्री राम प्रभु के सामने मंदिरों में चोरी करके लालची पापी लोगों ने करोड़ों लोगों का विश्वास और आस्था का खून किया है।

यह सब पाप करने वाले हिंदू थे द्य फिर भी लालच के चक्कर में हिंदू धर्म और हिंदू होने का पूरे देश और विश्व में सनातन को बदनाम किया है द्य साथ साथ मंदिरों में दान देने वाले भक्तों के विश्वास को झकझोर कर रख दिया है।

सालों से हम जानते हैं द्य हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार इतना फैला हुआ है द्य जिसकी कोई सीमा नहीं है द्यऔर जब हम समझते हैं। हमारे अच्छे कर्मों से ईश्वर हमें सक्षम बनाता है। और सब कुछ उसी का दिया मानते हैं द्य फिर ईश्वर को क्या जरूरत है द्य इतना चढ़ावा चढ़ाने की ,अगर देना ही है द्य तो सृष्टि में तरह-तरह की ईश्वर की बनाई रचनाएं है द्य जो कमजोर है उसका सहारा बने द्य और अपने हाथों से उनको मदद करेंद्य क्योंकि इन मंदिरों का पैसा भी कहीं ना कहीं देश के काम में लगता होगा द्य ऐसा हम मानते हैं।

लेकिन हम आज किसी पर विश्वास नहीं कर सकते द्य आज चारों तरफभ्रष्टाचारी लोग हर क्षेत्र में मिलेंगे द्य चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे हॉस्पिटल हो, राजनीतिक क्षेत्र हो, सरकारी कोई भी योजना हो सब क्षेत्र में ऐसे लोग छुपे हुए हैं।

जनता को हर क्षेत्र में अपनी जरूरत के लिए रिश्वत देना पड़ता है द्य यहां तक की अब मंदिर भी नहीं छूटे ,इंसान को लूटते लूटने भगवान को भी लूटने लगे। इंसान को जन्म से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने तक के लिए रिश्वत देनी पड़ती है।

हमारा भारत सनातन और हिंदू धर्म के नाम से विश्व गुरु बनने जा रहा है।

लेकिन देश मैं चारों तरफधर्म के नाम पर लूट मची है

आज का इंसान धर्म, पूजा, पाठ और आस्था के नाम पर अंधविश्वास फैलाकर रुपया कमाने में लगा है द्य सच्चाई, ईमानदारी, इंसानियत सेवा, संस्कार सब आधुनिकता के नाम भेंट चढ़ गया है द्य पद प्रतिष्ठा और पैसा इंसान के जीवन का उद्देश्य बन चुका है।

आज इंसान किसी से नहीं डरता द्य चाहे ईश्वर हो , कानून हो, माता-पिता हो परिवार हो।

जिस कारण वह स्वार्थी, क्रूर, और हिंसक बनते जा रहे हैं द्य और सोचने समझने की शक्ति खोते जा रहा है।

प्राचीन काल में हिंदू धर्म में पति की जान के लिए पत्नी सत्यवान से लड़ गई थी और मां अपने बच्चों के लिए हजारों मन्नत करती थी द्य वह स्त्री जाति आज स्वार्थ और ऐसो आराम की जिंदगी के लिए रिश्तो की हत्या कर रही है द्य लक्ष्मी स्वरूप बहू बेटी दहेज की लालच में रोज मारी जा रही है द्य पिता के द्वारा बेटी की इज्जत लूटी जा रही है द्य छोटी-छोटी मासूम बच्चियों के बलात्कार हो रहे हैं द्य बात-बात में लोग एक दूसरे का कत्ल कर रहे हैं द्यकई ढोंगी बाबा द्वारा आश्रम में गलत काम किया जा रहे हैंद्य

तब लगता है कैसा है हमारे देश का कानून ? कहां हैं हिंदू धर्म?

कहां है सनातन को मानने वाले?

कहां छुपे हैं ईश्वर?

कौन देगा इनको सजा?

जवाब मिलता है कोई नहीं जो इन अपराधियों से जीवन जीने का अधिकार छीन ले।

हमारे देश में ऐसे लोग जो वास्तव में देश प्रेमी है द्यधर्म प्रेमी है द्य राष्ट्रभक्त हैद्य निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने योग्य हैद्य इन्हें समझना चाहिए, अपने समय, पैसों ,भावनाओं, प्रेम को ऐसी जगह दान दान करें द्य जहां से ब्याज के तौर पर आत्म संतुष्टि और जीवन में कुछ अच्छा करने की तसल्ली हो।

गीता में लिखा है।

(सेवा परमो धर्म) लेकिन अपने हाथों से हो।

हमारे सनातन धर्म में राम कृष्ण शिव दुर्गा 33 करोड़ देवताओं की पूजा आराधना होती है द्य कहीं भी हम अपने आस्थाओं को लेकर मंदिर का निर्माण करवाते हैं द्य और ईश्वर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित करते हैं द्य लगता है हमने उसमें प्राण भर दिए, और भक्ति भाव से सेवा सुरक्षा में लग जाते हैं।

दूसरे और मंदिर के बाहर ईश्वर की बनाई उस रचना को भूल जाते हैं।

जो कमजोर , असहाय , बेबस ,लाचार है। सही मायने में उसे हमारी जरूरत है।

ईश्वर को कुछ देना है तो उसकी रचाई इस सुंदर सृष्टि की रक्षा करें द्य धरती माता की सुरक्षा करें, प्रकृति की सुरक्षा करें, माता-पिता की सेवा करें, पारिवार के सानिध्य में रहे , दीन दुखियों की मदद करें, गौ माता की रक्षा करें, धर्म की रक्षा करें, समाज और देश के हित में कार्य करके

ईश्वर को समर्पित करें द्य अच्छे कर्मों द्वारा जीना ही जीवन है।


लेखिका



मीना चावड़ा


## काले बादल..

बहुत दूर से आते बादल
गड़ गड़ कर धमकाते बादल
ऐसा लगता अब बरसेंगे
बिन बरसे हैं जाते बादल।
काले बादल।।
कभी कालिया नाग से दिखते
कभी नजर आते हैं कृष्णा।
बरस गये तो बुझ जाती है-
धरती के अधरों की तृष्णा।

देख देख कर मन हरषाता
रूप अनूप दिखाते बादल।
बहुत दूर से आते बादल।।
काले बादल।।
ताल तलैया, नदी और नालों
पर छा जाती जैसे जवानी।
जो सूखे बेजान पड़े थे
उनको भी मिल गई रवानी।

रिमझिम रिमझिम मधुर ताल पर
गीत खुशी के गाते बादल।
बहुत दूर से आते बादल।।
काले बादल।।
शुरू हुई खेतों में हलचल
बहा रहे हैं कृषक पसीना।
उछल कूद कर दादुर कहते
त्योहारों का आ रहा महीना।
क्या होती मिट्टी की खुशबू
यह हमको बतलाते बादल।
बहुत दूर से आते बादल।।
काले बादल।।
उमड़ घुमड़ कर नाच रहे हैं
फुदक फुदक कर नाचे चिरैया।
चमक रही आकाश में बिजुरी
चमके ज्यों राधा की पैंजनिया।

इधर ठुमकते, उधर ठुमकते
गोपियन संग रास रचाते बादल।
बहुत दूर से आते बादल।।
काले बादल।।


रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)



व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## आंसुओ को छुपाकर रखना

आंसुओ को छुपाकर रखना
मुस्कान ही दिखाकर रखना।

अंदर से कितना भी टूटा हो
चेहरा हमेशा सजाकर रखना।

कांटे बिछाने वाले अपने ही है
कदम ज़रा बचाकर रखना।

मुसीबत में जिसने साथ दिया
गले से उसे लगाकर रखना।

दुनिया चाहे कितनी भी रूठे
सजदे में सर झुकाकर रखना।

ज़मीर जिंदा है तो फिर ठीक है
नज़रें अपनी उठाकर रखना।


लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830


## खुद्रौ..

मुसरयाइ मूसर करै,
छैंकें ठाणौ गैल।
आकें बौ बुलया परौ,
खुद्रौ लै लऔ पैल।

सास बहू घर में पनें,
ताल मेल सें रॉंय।
खुद्रौ लेत परौसनें,
मिलकें दोइ भगॉंय।।

बारी पै छिरया चढीं,
कलुआ रऔं भगाय।
इतनइँ में खुद्रौ बडौ,
नन्द रये समझाय।

भले काम खों गय हते,
खुद्रौ लव मुड़याय।
काम नसानों खुदइँ कौ,
मुहकी आकें खाय।।

खुद्रे सें दूरइ भले,
ई में हित है नंद।
कापी कलम उठाय कें
लिखते रहिये छंद।।


रामानन्द पाठक नन्द


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 207

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ | 7 | 8 | 9 | ■ | 10 | ■ | 11 | 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| 16 | | | | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | 22 | |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | 24 | ■ | | ■ | 25 | | | | ■ | 26 | | | |
| 27 | 28 | ■ | 29 | ■ | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | | ■ | | ■ | 32 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 33 | | | 34 | | ■ | ■ | 35 | | | 36 | | 37 | | ■ | | ■ | 38 |
| 39 | | 40 | | ■ | ■ | | ■ | 41 | | | | ■ | 42 | | | ■ | 43 | ■ | 44 | |
| 45 | | | ■ | 46 | 47 | | ■ | | ■ | 48 | | ■ | | ■ | 49 | | | 50 | | ■ |
| 51 | | | 52 | ■ | | ■ | 53 | | 54 | ■ | | ■ | 55 | | | ■ | 56 | | ■ | 57 |
| | ■ | 58 | | 59 | ■ | 60 | ■ | 61 | | 62 | ■ | 63 | | ■ | 64 | 65 | ■ | 66 | | |
| ■ | 67 | | ■ | 68 | | | 69 | | ■ | 70 | 71 | | ■ | 72 | | | 73 | | ■ | |
| 74 | | ■ | 75 | | ■ | 76 | | ■ | 77 | | | | | ■ | ■ | 78 | | ■ | 79 | |
| 80 | | | | ■ | 81 | | ■ | 82 | | ■ | | ■ | ■ | 83 | 84 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | 85 | | | ■ | 86 | | | | | 87 | ■ | 88 | | ■ | | ■ | 89 | |
| 90 | | 91 | | ■ | 92 | | | ■ | | ■ | ■ | 93 | 94 | ■ | 95 | 96 | | 97 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 98 | | ■ | | ■ | 99 | 100 | 101 | ■ | 102 | 103 | | | ■ | 104 | | 105 |
| ■ | 106 | | | ■ | 107 | | | ■ | ■ | 108 | | | ■ | 109 | | | | ■ | 110 | |

**ck;s ls nk;s %&** 1) स्टेट बैंक का पुराना नाम 7) एक आग्नेयास्त्र, दुनाली 11) नमक रखने का पात्र 16) पुरानी फिल्म 'माया मेमसाब' की हिरोइन 17) शिवजी का वाद्य 19) धनिक, अमीर 20) प्रासाद, बड़ा घर 21) स्त्रियों द्वारा बालों में लगायी जानेवाली फूलों की माला 23) मसालों में प्रयुक्त होनेवाला तेज पत्र 25) कोलकाता का पुराना नाम 26) कोई काम दुसरों से कराना 27) अनुमति 30) माथा 31) छोटी मोटी चीजें रखने के लिए दीवार में बनाया जानेवाला तख्ता 32) देश निकाले की सजा जो ब्रिटिश काल में अंदमान निकोबार भेजकर दी जाती थी 33) गुजरात राज्य की एक प्रमुख नदी 35) बहुत अधिक क्रोध के आवेश में होना इस अर्थ का एक मुहावरा 39) अदालत में दोनो पक्षों के सुनने की क्रिया 41) सतर्कता 42) सूजी – मैदा छानने का उपकरण 44) मूक, न बोलने की क्रिया 45) बड़ा शहर 46) पर्वत 48) तपस्या, चिंतन 49) लगातार, निरंतर 51) बौद्धों का एक तीर्थस्थान 53) पाप 55) श्रीमती या बीवी (उर्दू) 56) श्रीरामजी के एक पूर्वज 58) घेरा, कंगन 61) नमस्कार, वंदन 63) व्यंग पूर्वक कही गयी बात 64) सुध 66) पराक्रम 67) पत्र 68) कल्पित, मन में गढ़ा हुआ 70) जनक कन्या, श्रीरामजी की पत्नी 72) देव आनंदजी के जमाने का एक प्रसिद्ध हास्य अभिनेता 74) होठ 75) पर्ण, पत्ता 76) धब्बा 77) बरामद होने का भाव या क्रिया 78) महोदय का अंग्रेजी संबोधन 79) बगीचा, उपवन 80) तुणीर 81) अंचल, आंचल 82) घोड़े की fo"Bk 83) पहनने का काम दूसरों से कराना 85) बहुत बड़ा 86) फौरन, अतिशीघ्र, झटपट 88) सांस 89) गर्मी में दिया जानेवाला आम का शरबत 90) यथाशक्य 92) भौरों की भनभनाहट, मधुर ध्वनि 93) उस समय, उस वक्त 95) हलफनामा 98) जिस समय 99) दंगा, विद्रोह 102) चन्द्रमा 104) थकावट 106) किसी प्रियजन से अलग होने का भाव 107) नृत्य, नाच 108) मुंह, मुख 109) टकसाल से निकला हुआ रुपया 110) एक विदेशी शराब

**Åij ls uhps %&** 1) पुराने जमाने के एक सुप्रसिद्ध फिल्मी गीतकार 2) कनस्तर 3) रिसने का काम दूसरे से करवाना 4) निश्चित रुप से यह 5) बैंड बजानेवाली पार्टी के मुखिया को दी जानेवाली उपाधि (अं.) 6) भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह 8) दुग्ध 9) सोना, सुवर्ण 10) क्रांति (उर्दू) 11) अमिताभ बच्चन, शशी कपूर की एक पुरानी सफल फिल्म 12) महत्व, गर्व, अभिमान 13) आज के बाद आनेवाला दिन 14) नगर की रक्षा करनेवाला 15) वंश, कुल 18) मांडू के राजा बाजबहादूर की इतिहास प्रसिद्ध पत्नी जिसपर मलिक मुहम्मद जायसी ने काव्यग्रंथ लिखा है 22) यौवन 24) त्रासयुक्त, डरा हुआ 26) हुनर 28) गुजरात का एक प्रसिद्ध शहर 29) ईसा मसीह द्वारा चलाये गये धर्म के अनुयायी 31) आग की गर्मी से अपने शरीर को गरम करना 32) एक आंख से देखनेवाला 34) egkjk"V के इस गांव में डॉ. बाबासाहब आंबेडकरजी ने एक तालाब के पानी के लिए सत्याग्रह किया था 35) आया हुआ 36) कसाई घर 37) घटित होनेवाली विचित्र बात 38) बारा राशियों में से आखरी राशी 39) सन्नाटा, निर्जन, उजाड़ 40) महाभारत में वर्णित वह स्थान जहां कौरवों ने लाक्षागृह बनाके पांडवों को जलाने की कोशिश की थी 41) साम्राज्य 43) पति का छोटा भाई 44) मृत्यु, मरण 47) नुकसान 50) श्रीरामजी का एक नाम 52) जमीन 54) अल्प, न्यून 57) किसी व्यक्ति या वस्तु का ठौर ठिकाना मालुम कराना 59) एक मुस्लिम देश 60) ईराक की राजधानी 62) दृश्य, n[kuk] nf"V 63) धमकी युक्त इशारा 65) लेटकर किया जानेवाला एक योगासन 67) सावधान 69) तरीका 71) नमक डाला हुआ व्यंजन, खारा 73) सधवा स्त्रियोंद्वारा कातिd d".k चतुर्थी को रखा जानेवाला एक व्रत 74) बुरी आदत 75) पशुओं जैसा 77) दुर्भाग्यशाली 81) बीजापुर स्थित एक दर्शनीय स्थल 82) विचार में डूबा हुआ, मग्न 83) पैर 84) एक जैसी शकलवाले 86) ठाटबाट, मर्यादा 87) झुका हुआ 89) अखबारनवीस 90) डर 91) यात्रा 94) प. बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 96) चिलमन, आड़ किया हुआ वस्त्र 97) रास्ता, मार्ग 100) श्रीरामजी के एक पुत्र 101) बहस, चर्चा 103) रोब, दबदबा 105) आर्द्र, गीला (जवाब अगले अंक में) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | का | र | ■ | ■ | आ | का | श | ■ | अ | ज | न | बी | ■ | भ | ■ | अ | ■ | ख्वा | ब |
| र | ह | न | स | ह | न | ■ | त | ह | स | न | ह | स | ■ | सु | र | सं | ग | म | ■ | र |
| ■ | ना | ■ | खा | रि | ज | क | र | ना | ■ | जा | र | ■ | अ | मि | त | ■ | र | न | वा | स |
| श | वा | स | न | ■ | रा | म | ■ | ई | रा | न | ■ | सु | मा | त्रा | ■ | प | त | वा | र | ■ |
| री | ■ | त्य | ■ | मु | ना | सि | ब | ■ | क्ष | ■ | क | ■ | त्य | ■ | न | ह | ला | ना | ■ | र |
| क | ब | ■ | ज | ल | ■ | न | र | गि | स | ■ | रा | गा | ■ | ह | ट | ना | ■ | ■ | ची | न |
| ■ | गौ | र | वा | जि | ब | ■ | बा | ल | ■ | ना | ची | ज | ■ | र | ख | ना | ■ | ज | न | नी |
| ती | र | ■ | ह | म | ■ | ब | द | ह | ज | मी | ■ | गि | र | गि | ट | ■ | र | मा | ■ | गं |
| रं | ■ | चो | र | ■ | दि | ल | ■ | री | त | ■ | प | र | वा | ज | ■ | रं | ग | ■ | आ | धा |
| दा | स | ■ | ला | ल | ■ | वा | सु | ■ | ला | श | ■ | ना | न | ■ | ल | क | ड़ | हा | रा | ■ |
| ज | ■ | बे | ल | गा | म | ■ | अ | प | ना | प | न | ■ | गी | द | ड़ | ■ | ना | ■ | धा | न |
| ■ | घी | ■ | ने | ■ | जा | न | व | र | ■ | थ | म | ना | ■ | ल | क | वा | ■ | अ | ना | र |
| ब | ■ | स | ह | ग | ल | ■ | स | द्रा | ■ | ■ | स्का | ■ | अ | ना | प | श | ना | प | ■ | मा |
| द | ■ | ज | रु | र | ■ | सू | र | न | ■ | प | र | दा | दा | ■ | न | ■ | स | रा | ह | ना |
| दु | ख | ना | ■ | ज | मा | ना | ■ | शी | त | ल | ■ | मा | ल | ■ | ■ | स | म | ध | न | ■ |
| आ | रा | ■ | गु | ना | ह | ■ | हु | न | र | ■ | ब | द | त | मी | ज | ■ | झ | ■ | न | दी |

anumeva-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# वाणिज्यक ग्राहकों के लिए ईंधन की बिक्री पर एक जुलाई से नहीं होगी पाबंदी, सरकार ने जारी किया आदेश

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों को एक जुलाई से पेट्रोल और डीजल बेचने पर कोई पाबंदी नहीं होगी। सरकार ने सोमवार को इस बारे में आदेश जारी किया है। इस कदम से पेट्रोल पंप पर एक दिन में एक गाड़ी को बेचे जाने वाले डीजल की***




मात्रा पर लगी सीमा भी समाप्त हो जाएगी। यह आदेश बताता है कि देश में ईंधन आपूर्ति की स्थिति में सुधार हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 जून के एक आदेश में अपने 12 जून के उस निर्देश को रद्द कर दिया, जिसमें एक गाड़ी को रोजाना 200 लीटर डीजल बेचने की सीमा तय की गई थी। साथ ही औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत ग्राहकों पर खुदरा ईंधन बेचने वाले पेट्रोल पंप से ईंधन खरीदने पर पाबंदी लगायी गयी थी।

ये पाबंदियां वैश्विक आपूर्ति बाधित होने के बीच स्थानीय स्तर पर ईंधन की कमी को रोकने के लिए लगाई गई थीं। मंत्रालय ने 29 जून के आदेश में कहा, ''पेट्रोल और हाई-स्पीड डीजल की आपूर्ति बनाये रखने... और उचित कीमतों पर इनके समान वितरण और उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए ग्राहकों के हित में ये अस्थायी उपाय जरूरी और उचित माने गए थे।''

आदेश के अनुसार, देश में पेट्रोलियम उत्पादों की मौजूदा आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के बाद मंत्रालय इस बात से 'संतुष्ट' है कि जनहित में 12 जून के आदेश को जारी रखना अब जरूरी नहीं है।

मंत्रालय ने कहा, ''इसलिए, मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) और हाई स्पीड डीजल (खुदरा पंप के जरिये आपूर्ति का अस्थायी नियमन) आदेश, 2026' के उपबंध तीन से मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, केंद्र सरकार 12 जून, 2026 के आदेश को एक जुलाई, 2026 से वापस लेती है।''

यह कदम खाड़ी देशों से कच्चे तेल और ईंधन की आपूर्ति में सुधार के बाद उठाया गया है। क्षेत्र में तनाव कम होने से होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा का निर्यात फिर से शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने 12 जून को अपने आदेश में कहा था कि पेट्रोल पंप डीजल सिर्फगाड़ी के टैंक या पीईएसओ (पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से मंजूरी प्राप्त कंटेनर में ही बेच सकते हैं। साथ ही एक ग्राहक या गाड़ी को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं दिया जा सकता। इसके अलावा, औद्योगिक, वाणिज्यिक और संस्थागत ग्राहकों को पेट्रोल पंप से पेट्रोल या डीजल खरीदने की अनुमति नहीं थी। उन्हें अपना ईंधन उनके लिए निर्धारित 'कंज्यूमर पंप' से लेना था।''

ये पाबंदियां कुछ इलाकों में डीजल की असामान्य मांग बढ़ने के बाद 90 दिन तक के लिए लगाई गई थीं। इसका कारण यह था कि कीमत में अंतर के कारण थोक ग्राहक पेट्रोल पंप से ईंधन खरीदने लगे थे। दिल्ली में पेट्रोल पंप पर डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर है, जबकि थोक बिक्री की कीमत 134.50 रुपये है।

इसके कारण सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने आम लोगों को फरवरी के आखिर में पश्चिम एशिया संकट के बाद बढ़ी हुई लागत से बचाने के लिए खुदरा कीमतों को नियंत्रित किया था। जहां दूरसंचार टावर और बिजली बनाने या दूसरे कामों के लिए डीजल इस्तेमाल करने वाले उद्योग जैसे बड़े ग्राहकों से बाजार मूल्य के हिसाब से कीमत वसूली जाती है, वहीं पेट्रोल पंप पर कीमतें लागत से काफी कम हैं।

ट्रकों का संचालन करने वाली कंपनियों और सरकारी बसों जैसे वाणिज्यिक ग्राहक भी अपनी जरूरतों के लिए पेट्रोल पंप का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे कुछ इलाकों में मांग में असामान्य वृद्धि हुई।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बाद खाड़ी देशों से कच्चे तेल और ईंधन की आपूर्ति में सुधार हुआ। इसके बाद सरकार ने प्रतिबंधों में ढील दी। मंत्रालय ने 12 जून को अपने आदेश में ईंधन बेचने वालों और तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया कि वे एक बार में 90 दिन तक की अवधि के लिए खुदरा पेट्रोल पंप से थोक में खरीद को रोकें।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घरेलू ईंधन आपूर्ति की समीक्षा करने और यह निष्कर्ष निकालने के बाद कि इस महीने की शुरुआत में लागू किए गए आपातकालीन उपायों की अब जरूरत नहीं है, एक जुलाई से पेट्रोल और डीजल की बिक्री और वितरण पर लगी अस्थायी पाबंदियां हटा ली गयी हैं।

ये प्रतिबंध पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार बाधित होने के बाद लगाये गये थे। हालांकि, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बावजूद पेट्रोल पंप पर कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन खुदरा और थोक ईंधन की कीमतों में अंतर के कारण कुछ वाणिज्यिक ग्राहकों ने पेट्रोल पंप से खरीदारी शुरू कर दी।

बयान में कहा गया, ''इन उपायों का मकसद खुदरा ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित के साथ डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी तथा दूसरे कार्यों में उपयोग को रोकना था।''

मंत्रालय ने कहा, ''देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के बाद, सरकार इस नतीजे पर पहुंची है कि जनहित में अब इन अस्थायी नियामकीय उपायों की जरूरत नहीं है। इसलिए, 12 जून, 2026 के आदेश को एक जुलाई, 2026 से वापस लिया जा रहा है।''

# रुपया छह पैसे कमजोर होकर 94.51 प्रति डॉलर पर



मुंबई, (भाषा)।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे कमजोर होकर 94.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की अनुकूल कीमतों और विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार के कारण रुपये ने सकारात्मक शुरुआत की।

हालांकि, अमेरिका-ईरान के बीच फिर से सैन्य संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.36 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.25 से 94.56 के दायरे में रहा। अंत में यह 94.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव की तुलना में छह पैसे कम है।

रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.45 पर बंद हुआ था। मुहर्रम के कारण शुक्रवार को भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहे थे। मिराए एसेट शेयरखान में शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव की वजह से रुपया कमजोर हो सकता है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और महंगाई को लेकर कम होती चिंताएं निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.20 से 94.80 के दायरे में रहने का अनुमान है।'' इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.14 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.62 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। ईरान के खिलाफ़ अमेरिका के नए हवाई हमलों के बाद, ईरान ने रविवार को फिर से बहरीन और कुवैत को निशाना बनाते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका ने हमले जारी रखे, तो युद्ध खत्म करने के लिए हो रही बातचीत को 'पूरी तरह रोक' दिया जाएगा।

घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 372.10 अंक टूटकर 76,728.37 अंक पर जबकि निफ्टी 109.75 अंक की गिरावट के साथ 23,946.25 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने सोमवार को 1,350.1 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

# लागत से कम दाम पर बिकवाली से सोयाबीन तेल - तिलहन, पाम - पामोलीन में गिरावट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***आयातित खाद्य तेलों की लागत से कम दाम पर बिकवाली के कारण सोमवार को सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। उपलब्धता काफी कम होने के बीच दाम ऊंचा बोले जाने से बिनौला तेल में सुधार आया।***



जबकि मांग बेहद कमजोर रहने के बीच सामान्य एवं सुस्त कामकाज के कारण सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। मलेशिया एक्सचेंज दोपहर 3.30 बजे सुधार के साथ बंद हुआ। जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि लागत से नीचे बिकवाली पूरे तेल-तिलहन बाजार को प्रभावित कर रही है और सरकार को इसे सुधारने के बारे में और गंभीर होने की जरूरत है। इससे देश की विदेशी मुद्रा का नुकसान है, बैंकों का कर्ज डूबने का खतरा है। स्थिति ऐसी ही बनी रही तो पुराने आयातक हटते जायेंगे और नये आयातकों के लिए आगे बाहर होने का अंदेशा होगा।

उन्होंने कहा कि सोयाबीन डीगम तेल के बंदरगाह पर पहुंचने की लागत (लैंडिंग कॉस्ट) 122 रुपये 10 पैसे किलो बैठती है। इसमें कोई मुनाफा शामिल नहीं है, कार्यालय का खर्च, स्टॉफ परिवहन का खर्च आदि शामिल नहीं है। धन की कमी की मजबूरी के कारण आयातक माल रोककर मुनाफे की स्थिति का इंतजार नहीं करते और बैंकों में अपना ऋण साखपत्र प्रचलन में बनाये रखने के लिए अपने पुराने सौदे सस्ते में बेचकर आगे के सौदों के लिए तैयारी में जुट जाते हैं। अगर स्टॉफ का खर्च के साथ बाकी अन्य खर्चो को जोड़े तो यह लागत 124 रुपये किलो बैठनी चाहिये। लेकिन पैसों की तंगी की वजह से यही आयातक इस तेल को रिफाइनिंग कंपनियों को 119 रुपये किलो के भाव बेच रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि यही काम, रिफाइनिंग कंपनियां भी कर रही हैं। 119 रुपये किलो खरीदने और रिफाइनिंग के बाद मुनाफा सहित उनकी लागत 144 रुपये किलो बैठनी चाहिये और वे व्यापारियों को 142-143 रुपये किलो के दाम पर इसे बेच रही हैं।

आगे के ऊंचे दाम पर (फार्वर्ड) सौदा कर चुके ये व्यापारी भी 142-143 रुपये में खरीद करने के बाद अपना माल लगभग 141 रुपये किलो के भाव बेच दे रहे हैं।

यही स्थिति पामोलीन के साथ भी है जिसकी वजह से आज सोयाबीन तेल-तिलहन और पाम-पामोलीन के दाम में गिरावट है। सूत्रों ने कहा कि नगण्य उपलब्धता के बीच दाम ऊंचा बोले जाने से बिनौला तेल कीमतों में सुधार है। सुस्त कामकाज के बीच सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन स्थिर हैं।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,575-7,600 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,675-7,250 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,485-2,785 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,575-2,675 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,575-2,720 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,900 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,500 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,425 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,200 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,000-7,050 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,850-6,925 रुपये प्रति क्विंटल।

# नीमच की 'वैनिला सोलर' परियोजना की दर संभवत: दुनिया में सबसे कम : जोशी..

नीमच, (भाषा)।

***केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को मध्यप्रदेश में कुल 950 मेगावाट क्षमता वाली दो सौर ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि इनमें शामिल नीमच सोलर पार्क में 2.14 रुपये प्रति यूनिट का शुल्क संभवत: दुनिया में 'वैनिला सोलर' परियोजना की सबसे कम दर है।***



ऊर्जा क्षेत्र में 'वैनिला सोलर' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर ऐसी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए किया जाता है जिनमें केवल सौर पैनल के जरिये बिजली उत्पादन किया जाता है और बैटरी भंडारण जैसी अतिरिक्त सुविधाएं शामिल नहीं होतीं।

जोशी ने एक समारोह में जिन नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें नीमच का 500 मेगावाट क्षमता का सौर पार्क और शाजापुर का 450 मेगावाट क्षमता का सौर पार्क शामिल हैं। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे।

अधिकारियों ने बताया कि कुल 2,500 एकड़ पर निर्मित तीन इकाइयों वाले नीमच सोलर पार्क में उत्पादित बिजली की दर 2.14 रुपये, 2.149 रुपये और 2.15 रुपये प्रति यूनिट है।

जोशी ने उद्घाटन समारोह में कहा, ''नीमच सोलर पार्क में बड़ा गजब का काम हुआ है। जहां तक मुझे जानकारी है, 2.14 रुपये प्रति यूनिट सारे देश में नहीं, बल्कि सारी दुनिया में वैनिला सोलर परियोजना से बनने वाली बिजली की शायद सबसे कम दर है।''

केंद्रीय मंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि मध्यप्रदेश 'हरित ऊर्जा का पावरहाउस' बन रहा है। जोशी ने कहा कि प्रदेश की कुल 38 गीगावाट की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में से लगभग 12 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपेक्षा के अनुरूप राज्य की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी कम से कम 50 प्रतिशत होनी चाहिए।

जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार के अध्ययन के अनुसार, प्रदेश में लगभग 55 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 3.7 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित है और 1.3 गीगावाट क्षमता की परियोजनाओं पर काम जारी है। उन्होंने कहा,''अगर अगले दो वर्ष का लक्ष्य तय करके राज्य में पवन ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाकर कम से कम 10 गीगावाट तक पहुंचाया जाता है, तो बिजली की कीमत बहुत कम हो जाएगी। इससे राज्य के किसानों व उद्योगों को फायदा होगा और नये औद्योगिक निवेश की रफ्तार तेज होगी।''

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य के हर सरकारी भवन में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित होना चाहिए। कार्यक्रम में जोशी और मुख्यमंत्री यादव ने करीब 1,554 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश वाली 38 औद्योगिक परियोजनाओं का भूमिपूजन और उद्घाटन भी किया। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं के माध्यम से 3,200 से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# भारतीय राजदूत ने व्यापारिक संबंधों पर चीन के वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के साथ बातचीत की..

बीजिंग, (भाषा)।

चीन में भारत के राजदूत विक्रम दुरईस्वामी ने सोमवार को चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्यिक सहयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि राजदूत दुरईस्वामी ने चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक वांग लिपिंग से मुलाकात की।

पोस्ट में कहा गया, ''उन्होंने द्विपक्षीय बातचीत के तरीकों सहित व्यापार और वाणिज्यिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। वे संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।'' वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए टकराव के बाद दोनों देश अभी अपने संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया में हैं। उस टकराव के कारण उनके संबंध ठप हो गए थे।

फिलहाल, दोनों देशों ने कैलाश-मानसरोवर यात्रा, वीजा, उड़ानों और उच्च-स्तरीय बातचीत की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया है।

व्यापार और वाणिज्य भारत-चीन संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में चीन, अमेरिका को पीछे छोड़ता हुआ, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार 151.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात 36.66 प्रतिशत बढ़कर 19.47 अरब डॉलर का हो गया, जबकि आयात 16 प्रतिशत बढ़कर 131.63 अरब डॉलर का हो गया।

व्यापार घाटा वर्ष 2024-25 में 99.2 अरब डॉलर के मुकाबले वर्ष 2025-26 में बढ़कर 112.16 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

भारत कई वर्षों से मांग कर रहा है कि चीन अपने आईटी, फार्मा और कृषि क्षेत्रों को खोले, जो भारत के मजबूत क्षेत्र हैं।

दुरईस्वामी की लिपिंग के साथ बैठक से व्यापार और वाणिज्य से जुड़े मुद्दों पर भारत-चीन बातचीत में तेजी आने की उम्मीद है।

# एक्सिस बैंक, बंधक बैंक के सीएफओ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) पुनीत शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा ने अपने पेशेवर जीवन की यात्रा के अगले चरण को आगे बढ़ाने के लिए इस्तीफा देने का फैसला किया है। बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी।***

एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उन्हें 31 अगस्त, 2026 को कामकाज का समय समाप्त होने के बाद सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा। इसके बाद वह बैंक के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक और वरिष्ठ प्रबंधन का हिस्सा नहीं रहेंगे।

बैंक ने बताया कि इसके अलावा निदेशक मंडल ने सीएच एस. एस. मल्लिकार्जुन राव को स्वतंत्र निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

यह नियुक्ति एक फरवरी, 2027 से 31 जनवरी, 2031 तक चार वर्ष के लिए होगी, जो उनका दूसरा कार्यकाल होगा। निदेशक मंडल ने मुनीश शारदा को भी पूर्णकालिक निदेशक (कार्यकारी निदेशक) के रूप में फिर से नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

इस पद पर उनका कार्यकाल 27 फरवरी, 2027 से 26 फरवरी, 2030 तक तीन वर्ष के लिए होगा। इसी तरह, बंधन बैंक के सीएफओ राजीव मंत्री ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है। चर्चा है कि वह एक्सिस बैंक में पुनीत शर्मा की जगह सीएफओ बन सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# बंदूक की नोक पर सराफा व्यापारी से लाखों के जेवरात की लूट..

**पुलिस की कई टीमें जांच में जुटीं..**









जगप्रेरणा लांजी।

***धर्म नगरी लांजी में रविवार 28 जून की रात्रि में एक बड़ा लूट डकैती काण्ड सामने आया है जहां सराफा व्यापारी कपिल आसटकर पिता प्रभुदयाल आसटकर***

उम्र 40 को बंदूक की नोक पर मारपीट कर डरा धमकाकर डकैत लूटेरे सोने चांदी के जेवरात से भरे दो थैले लूट कर सराफा व्यापारी को घायल अवस्था में पंहुचाकर फरार हो गये। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी क्योंकि पहली बार हुआ होगा जब किसी सराफा व्यापारी से बंदूक की नोक पर लाखो रूपये के जेवरात की लूट की गई होगी।

## लांजी पुलिस जांच में जूटी, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर टीम गठित..

बंदूक की नोक पर सराफा व्यापारी से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर लूटने और विरोध करने पर जानलेवा हमला करने की सनसनीखेज वारदात के दूसरे दिन रविवार को भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लग सका। हालांकि पूरे दिन पुलिस की कई टीमें घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच में जुटी रहीं। डॉग स्क्वायड की मदद से घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में साक्ष्य तलाशने का प्रयास किया गया, वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की कमान संभाली।

सोमवार 29 जून को सुबह से ही पुलिस टीम पीड़ित सराफा व्यापारी कपिल आसटकर के घर और घटनास्थल के बीच लगातार पड़ताल करती नजर आई। डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से लेकर आसपास के मार्गों पर संदिग्धों के संभावित आने-जाने के रास्तों की जांच की। वहीं बीडीडीएस, एफएसएल की टीम भी मौकाऐं वारदात पर पंहुचकर आवश्यक साक्ष्य ईकठ्ठा करते नजर आई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच अधिकारी एसडीओपी (डीएसपी) प्रतिष्ठा राठौड़ स्वयं पीड़ित व्यापारी के घर और घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा लांजी से आमगांव मार्ग तक पुलिस की गश्ती टीम लगातार सक्रिय नजर आई और संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है।

उधर, पूरे दिन धर्मनगरी लांजी में इस सनसनीखेज लूटकांड की चर्चाएं होती रहीं। लोग घटना को लेकर स्तब्ध हैं, क्योंकि लांजी के इतिहास में यह पहली ऐसी बड़ी वारदात मानी जा रही है, जिसमें किसी व्यापारी को निशाना बनाकर न केवल लाखों रुपये के जेवर लूट लिए गए, बल्कि विरोध करने पर उस पर जानलेवा हमला भी किया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है इस प्रकार की वारदात पहली बार देखने सूनने मे आई है। पुलिस जल्द से जल्द इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा करे तथा आरोपियों को कड़ी सजा होनी चाहिये।

घटना को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे ने दूरभाष पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी हैं, पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। विधायक ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि इस मामले में उनकी पुलिस अधीक्षक से चर्चा हुई है और पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और विभिन्न पहलुओं को आधार बनाकर जांच को आगे बढ़ा रही है। लेकिन इस सनसनीखेज लूटकांड ने कानून-व्यवस्था और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# किरनापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महीनों से एक्स-रे फिल्म गायब..**

**मरीज मोबाइल में रिपोर्ट देखने को मजबूर..**

**पिछले कई महीनो से यह समस्या बनी हुई..**






जगप्रेरणा किरनापुर।

***सरकारी अस्पताल (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) किरनापुर में पिछले कई महीनों से बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। अस्पताल में एक्स-रे मशीन***

तो चालू है, लेकिन एक्स-रे फिल्म उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टेक्नीशियन द्वारा मरीजों के एक्स-रे की फोटो सीधे उनके मोबाइल पर खींचकर दे दी जाती है, जिससे मरीजों को आगे डॉक्टरों को अपनी रिपोर्ट दिखाने और सही इलाज पाने में काफी परेशानी हो रही है।

## ग्रामीणों और मरीजों की परेशानी :

अस्पताल में आने वाले गरीब और ग्रामीण मरीजों का कहना है कि कई बार मोबाइल पर फोटो साफ नहीं आती, जिसके कारण डॉक्टरों को बीमारी का सही अंदाजा लगाने में दिक्कत होती है। ऐसे में मजबूरन मरीजों को निजी सेंटरों में जाकर महंगे दामों पर डिजिटल एक्स-रे करवाना पड़ रहा है। जो मरीज निजी सेंटरों का खर्च नहीं उठा सकते, वे इसी अधूरी व्यवस्था के भरोसे रहने को मजबूर हैं। महीनों से चल रही इस किल्लत के बावजूद अब तक प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक्स-रे फिल्म की सप्लाई सुनिश्चित नहीं की जा सकी है, जिससे स्थानीय जनता में आक्रोश व्याप्त है।



## बोले स्वास्थ्य अधिकारी (प्रभारी बीएमओ)डॉ. आयुशी..

आयुशी मेडम ने बताया कि 22/06/2026 को मैंने बीएमओ का प्रभार लिया है। एक्स-रे फिल्म जिले से हमें उपलब्ध होती है । डिमांड से काफी कम आती है ऐसी स्थिति में हमें मरीज को कुछ तो उपलब्ध कराना पड़ेगा तब हम मरीज को उनके मोबाइल में यह रिपोर्ट उपलब्ध कराते हैं। पर्याप्त मात्रा मे आवश्यकता के अनुसार एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं होती है। डिमांड के अनुसार 250 - 300 एक्स-रे फिल्म चाहिए किंतु आती है 125 और वह भी 3-4 महिना बाद समस्या है।

इस प्रकार की समस्या को लेकर प्रभारी बीएमओ आयुषी मैडम ने मीडिया को जानकारी दी कि अभी मैंने प्रभार लिया है। मेरी कोशिश रहेगी कि सभी मरीज के लिए यह सुविधा हो जाए।



## बोले पवन कुमार भलावी..

रेडियोग्राफर पवन कुमार भलावी ने कहा एक्स-रे फिल्म नहीं होने के कारण मरीज को मोबाइल पर ही फोटो खींचकर देते हैं। बीच-बीच में फिल्म खत्म होने के कारण मोबाइल पर देते है। बीच में एक्स-रे मशीन भी खराब हो गई थी जिसके कारण 15 दिन बंद रही। टेक्नीशियन द्वारा बनाया गया



## बोले- अमित चौरे..

अपनी पत्नी अस्मिता चौरे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर एक्सरे करवाने पहुंचा किंतु एक्स-रे फिल्म नहीं होने के कारण मुझे मोबाइल पर यह रिपोर्ट दी गई।

# सौभाग्य की वृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा वट पूर्णिमा व्रत, पूजन अर्चन कर सुहागन रहने की कामनाएं..





जगप्रेरणा लांजी।

***महाराष्ट्रीयन संस्कृति में माना जाने वाल त्यौहार वट पूर्णिमा पर 29 जून को महिलाऐं वट वृक्ष का विधि पूर्वक पूजन अर्चन आरती कर व्रत रखा।***

मान्यता है कि वट सावित्री व्रत सौभाग्य को देने वाला और संतान की प्राप्ति मे सहायता देने वाला व्रत माना गया है। भारतीय संस्कृति मे यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक बन चुका है। इस व्रत का उद्देश्य सौभाग्य की वृद्धि और पतिव्रत के संस्कारो को आत्मसात करना।

कई व्रत विशेषज्ञ यह व्रत ज्येष्ठ मास की त्रयोदशी से अमावस्या तीन दिनो तक करने मे भरोसा रखते है। इसी तरह शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी से पूर्णीमा तक भी यह व्रत किया जाता है। वहीं भगवान विष्णु के उपासक इस व्रत का पूर्णिमा को करना ज्यादा हितकर मानते है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री दोनो का विशिष्ट महत्व माना गया है। पीपल की तरह वट या बरगद के पेड का विशेष महत्व है। पाराशर मूनी के अनुसार वट मूले तोपवासा ऐसा कहा गया है पूराणों में यह स्पष्ट किया गया है कि वट मे ब्रम्हा, विष्णु व महेश त्रिदेव का वास है।

इसके नीचे बैठकर पूजन व्रत कथा आदि सूनने से मनोकमाना पूरी होती है। वट वृक्ष अपनी विशालता के लिये भी प्रसिद्ध है। संभव है वनगमन में ज्येष्ठ मास की तपती धूप से रक्षा के लिऐ भी वट के नीचे पूजा की जाती रही है। अगर हम दार्शनिक दृष्टि से देखे तो वट वृक्ष दीर्घायु व अमरत्व-बोध के प्रतीक के नाते भी स्वीकार किया जाता है। वट वृक्ष ज्ञान व निर्वाण का भी प्रतीक है। भगवान बुद्ध को इसी वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। वट वृक्ष को पति की दीर्घायु के लिए पूजना इस व्रत का अंग बना। महिलाएं व्रत-पूजन कर कथा कर्म के साथ-साथ वट वृक्ष के आसपास सूत के धागे परिक्रमा के दौरान लपेटती है। वट सावित्री कथा के पीछे किवंदती है कि वट वृक्ष का पूजन और सावित्री-सत्यवान की कथा का स्मरण करने के विधान के कारण ही यह व्रत वट सावित्री के नाम प्रसिद्ध हुआ। सावित्री भारतीय संस्कृति मे ऐतिहासिक चरित्र माना जाता है। सावित्री का अर्थ वेद माता गायत्री और सरस्वती भी होता है। सावित्री का जन्म भी विशिष्ट परिस्थितियों मे हुआ था।

कहते है कि भद्र देश के राजा अश्वपति की कोई संतान नही थी। उन्होने संतान की प्राप्ति के लिये मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिदिन एक लाख आहुतियॉ दी। अठारह वर्षो तक यह क्रम जारी रहा। इसके बाद सावित्री देवी ने प्रकट होकर वर दिया कि राजन तुझे एक तेजस्वी कन्या पैदा होगी। सावित्री देवी की कृपा से जन्म लेने की वजह से कन्या का नाम सावित्री रखा गया। कन्या बडी होकर बेहद रूपवान थी। योग्य वर न मिलने की वजह से सावित्री के पिता दुःखी थे। उन्होने कन्या को स्वयं वर तलाशने भेजा। सावित्री तपोवन में भटकने लगी। वंहा साल्व देश के राजा द्युमत्सेन रहते थे क्योंकि उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। उनके पुत्र सत्यवान को देखकर सावित्री ने पति के रूप में उनका वरण किया। कहते है कि साल्व देश पूर्वी राजस्थान या अलवर अंचल के इर्द-गिर्द था।

सत्यवान अल्पायु थे। वे वेद ज्ञाता थे। नारद मुनि ने सावित्री से मिलकर सत्यवान से विवाह न करने की सलाह दी थी परंतु सावित्री ने सत्यवान से ही विवाह रचाया। पति की मृत्यु की तिथि मे जब कुछ ही दिन शेष रह गए तब सावित्री ने घोर तपस्या की थी जिसका फल उन्हे बाद मे मिला था। उक्त कथा अनुसार भी वट सावित्री व्रत की बेहद मान्यता है। इसलिये बडी मात्रा मे सुहागन महिलाऐ वटसावित्री व्रत रख अपने पति के दिर्घायु की कामना करती है। लांजी नगर मे भी अनेको महिलाओ ने व्रत रखा एवं पुलिस थाना परिसर, गायत्री शक्ति पीठ सहित अनेको स्थानों पर स्थित बरगद के वृक्ष की विधी पूर्वक पूजन अर्चन कर उपवास रखा।

# भवन निर्माण व अन्य मांगो को लेकर श्री मांझी सैनिक संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## विधायक कर्राहे ने दिया आश्वासन





जगप्रेरणा लांजी।

***श्री मांझी अंतरराष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विकास मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे को ज्ञापन सौंपा।***

ज्ञापन देने के बाद संगठन की टीम ने ग्राम बकरामुंडी पहुंचकर सुश्री सुशीला वरकड़े को असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।


ज्ञापन में संगठन ने मुख्य रूप से साडरा में संस्था के तहसील कार्यालय शाखा के लिए अलग से भवन का निर्माण किया जाए। अभी निजी मकान में कार्यालय चल रहा है।ग्राम साडरा के लालटोला में प्रवेश द्वार बनवाया जाए। ग्राम साडरा में 50-60 वर्षो से प्रतिवर्ष व्हॉलीवाल खेला जाता है जिसके लिए मिनी ग्राउंड स्टेडियम का निर्माण कराया जाए। ग्राम सोगलपुर में प्रवेश द्वार बनवाया जाए। सोगलपुर सामुदायिक भवन के पास नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा लगवाई जाए सहित अन्य मांगें रखी।

संगठन ने यह भी मांग की कि मुख्यमंत्री जी को 1 मार्च 2025 को दिए गए ज्ञापन का अभी तक निराकरण नहीं हुआ है। इसे शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

## 1951 से सेवा कार्य में जुटा संगठन..

ज्ञापन सौंपते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह संस्था वर्ष 1951 से लगातार आदिवासी, किसान, सैनिक और गरीब वर्ग की सेवा कर रही है। समय-समय पर शासन-प्रशासन का सहयोग करती आ रही है। ज्ञापन देने के बाद सभी सदस्य सीधे ग्राम बकरामुंडी वार्ड नंबर-1 स्थित उप क्षेत्र कार्यालय कोषाध्यक्ष झनकलाल वरकड़े के निवास पहुंचे। यहां उन्होंने उनकी सुपुत्री सुश्री सुशीला वरकड़े को असिस्टेंट प्रोफेसर बनने पर बधाई दी और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रमुख रूप से होमेश्वर घोरमारे (तहसील अध्यक्ष), रामदास मलगाम (क्षेत्र अध्यक्ष), संपत्तसिंह पंद्रे (क्षेत्र कोषाध्यक्ष), मानिकलाल वरकड़े (उपक्षेत्र अध्यक्ष), झनकलाल वरकड़े (उपक्षेत्र कोषाध्यक्ष), संपत मर्सकोले, मोहन कुंभरे, ईश्वर टेकाम, शेरसिंह पंद्रे, अनिल नामूर्ते, धर्मसिंह नामूर्ते, आशिक उईके, दिलीप उईके, अम्मीलाल टेकाम, मोलसिंह पंद्रे, तिलेसिंह पंद्रे, धनीराम उईके सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर परिषद लांजी में जल गंगा संवर्धन अभियान का आज होगा समापन समारोह




जगप्रेरणा लांजी।

***शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अन्तर्गत नगर परिषद लांजी के द्वारा विभिन्न कार्य किये गये है एवं 30 जून को प्रातः 9 बजे से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसके तहत नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित गणेशी तालाब की***

साफसफाई एवं पौधारोपण तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक संस्था एवं व्यक्तियों को प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे लांजी किरनापुर, अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, सभापति, पार्षद गण, मनोनित पार्षद, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहने की प्रमुख उपस्थिती में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

सभी नगर वासियों से कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील की गई है।

# से. नि. पर मधुकर मते को दी भावभीनी बिदाई





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी उप पंजीयक कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी मधुकर मते के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार, 29 जून को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन कार्यालय अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा सेवाप्रदाताओं के द्वारा किया गया।***

इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने उनके लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। मधुकर मते, निवासी केशलेवाड़ा ( हट्टा), की पहली नियुक्ति 24 फरवरी 1984 को वारासिवनी में हुई थी। लगभग 43 वर्षों की शासकीय सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं।

विशेष रूप से लांजी से उनका गहरा जुड़ाव रहा, जहां वे चार बार स्थानांतरित होकर आए और करीब 25 वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान की। विदाई समारोह में उप पंजीयक कार्यालय के रजिस्ट्रार अनुराग शरणागत, मनजीत भालेकर, अधिवक्ता आशीष नेवारे, सेवाप्रदाता हुकूमचंद जुझार, संजय खोबरागड़े, चन्द्रकांत किरनापूरे, चमरूलाल पटले, मनीष जुझार, नरेंद्र कर्राहे, दिलीप श्रीवास, यशवंत दांदरे, श्याम रणदीवे, शरद सोनवाने, खेमेंद चंद्रिकापुरे, शैलेन्द्र महोबिया, मिलिंद खोबरागड़े एवं गणेश रामटेककर सहित तथा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने श्री मते के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# बैहर में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का समापन









जगप्रेरणा बैहर।

***जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन, नदियों, तालाबों, कुओं एवं बावड़ियों का पुनर्जीवन तथा जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।***

समापन कार्यक्रम में अभियान के दौरान किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाता है तथा जल संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, समितियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम में जल संरक्षण का संकल्प दिलाया जाता है और भविष्य में भी जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया जाता है। यह अभियान समाज में जल के महत्व को समझाते हुए ÷जल है तो कल है÷ के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जल संरक्षण केवल सरकार का ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जनभागीदारी से ही जल संकट का स्थायी समाधान संभव है। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री भगत नेताम जी सदस्य मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग मध्य प्रदेश एवं श्री सुरेंद्र मरकाम जी सांसद प्रतिनिधि, जिला समन्वयक श्री महेश पटले जी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री राजीव परते जी, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्रीमती माधुरी पटले जी, परसवाड़ा ब्लॉक समन्वयक श्री सुनील साहू जी, परसवाड़ा जनपद अध्यक्ष श्री समल सिंह धुर्वे, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री प्रमोद नेमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री संकेत राठौर, श्री रामेश्वर साहू, श्री राजेश्वर कदम पार्षद, नवांकुर संस्था प्रमुख से सेक्टर क्रमांक 01बैहर नवांकुर अध्यक्ष श्री कुंदन मेंरावी, सेक्टर क्रमांक 02 श्री राजेंद्र बिसेन, सेक्टर क्रमांक 03 श्री राजीव परते, सेक्टर क्रमांक 04 श्रीमती मंजूलता चौधरी, सेक्टर क्रमांक 05 अमित पाटिल , सी.एम.सी एल. डी.पी. परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव जी, श्री सुरेश यादव जी, श्री भंवर सिंह मरावी जी, आकांक्षा तेकाम, श्रीमती संगीता आर्मो, अभय यादव, संदीप गजभिए, साक्षी दुबे, अविका यादव, अर्पित यादव, मुकेश चौधरी,निखिल विश्वकर्मा, संदीप बिसेन, रक्षा , रंजन , सपना , एवं अन्य छात्र-छात्राओं के साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनजातीय छात्रावासों के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात, शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि..

## 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी नई दरें, छात्राओं को मिलेगा अधिक लाभ

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत देते हुए छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की मासिक शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। नई शिष्यवृत्ति दरें 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी, जिससे प्रदेशभर के हजारों जनजातीय विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।***

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनकी शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

इसी कड़ी में छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती आवश्यकताओं और महंगाई को ध्यान में रखते हुए शिष्यवृत्ति की राशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने यह भी निर्णय लिया है कि अब अनुसूचित जनजाति छात्रावासों एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति दरों का निर्धारण प्रत्येक वर्ष मार्च माह के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर किया जाएगा। संशोधित दरें प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में छात्रावास एवं आश्रम प्रारंभ होने के साथ स्वतः प्रभावी हो जाएंगी। इससे महंगाई के अनुरूप विद्यार्थियों को समय-समय पर आर्थिक सहायता मिलती रहेगी। जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नई शिष्यवृत्ति दरें निर्धारित की गई हैं। अब छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बालक विद्यार्थियों को 1,720 रुपये प्रतिमाह तथा बालिका विद्यार्थियों को 1,770 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्राओं को अधिक राशि प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

राज्य सरकार का मानना है कि आर्थिक रूप से कमजोर जनजातीय परिवारों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में यह निर्णय महत्वपूर्ण साबित होगा। बढ़ी हुई शिष्यवृत्ति से विद्यार्थियों को दैनिक आवश्यकताओं, अध्ययन सामग्री एवं अन्य शैक्षणिक जरूरतों की पूर्ति में सहायता मिलेगी, जिससे वे बिना आर्थिक चिंता के अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। शिक्षा एवं जनजातीय विकास के क्षेत्र में यह निर्णय प्रदेश सरकार की जनजातीय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा से जोडने़ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे छात्रावास एवं आश्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा और उच्च शिक्षा की ओर उनका रुझान भी मजबूत होगा।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में हुआ पौधारोपण..





## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

जगप्रेरणा बालाघाट।

***पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता***

करते हुए विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण के साथ हुई। उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. पूनम मिश्रा ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन बन सकता है।

कार्यक्रम में श्री कौशलेंद्र थोटे, श्रीमती हेमलता वर्मा, इको क्लब प्रभारी डॉ. भारती शरणागत, श्रीमती मनीषा हरिनखेड़े, श्रीमती रीना श्रीवास्तव, श्रीमती राजकुमारी राणा, श्रीमती स्वाति रामटेक, श्रीमती सुनीता बिसेन, श्रीमती श्रद्धा पांडे, श्रीमती श्रद्धा महोबिया, श्रीमती प्रियंका चौहान सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वृक्ष वर्षा, जल संरक्षण, स्वच्छ वायु, जैव विविधता और जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यालय परिसर को हराभरा बनाए रखने का विश्वास दिलाया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनका संरक्षण कर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# मोतेगांव में कृषि चौपाल आयोजित, किसानों को डीएसआर, प्राकृतिक खेती और विभागीय योजनाओं की दी जानकारी..

## 'खेत बचाओ अभियान' के तहत आधुनिक तकनीकों को अपनाने एवं लागत कम करने पर दिया गया जोर



जगप्रेरणा बालाघाट।

***किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडने़, उत्पादन लागत कम करने तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।***

इसी क्रम में 28 जून 2026 को बालाघाट विकासखंड की ग्राम पंचायत मोतेगांव में 'चौपाल एवं खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत किसान बैठक का आयोजन किया गया।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बैठक में उपस्थित किसानों को खरीफ सीजन के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नवीन कृषि तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को विशेष रूप से डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से धान की बुवाई के लाभों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि डीएसआर तकनीक अपनाने से पानी की बचत होती है, श्रम एवं उत्पादन लागत में कमी आती है तथा समय पर बुवाई होने से फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। बैठक में किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती के लाभ बताए गए। अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

कृषकों को पराली प्रबंधन के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय खेत में ही वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है तथा पर्यावरण प्रदूषण से भी बचाव होता है। बैठक में किसानों को ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरकों के वितरण की प्रक्रिया समझाई गई, ताकि उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध हो सके। साथ ही विभाग के पास उपलब्ध विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीजों की जानकारी देकर गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, बीज वितरण, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण एवं अन्य किसान हितैषी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। किसानों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाएं तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। चौपाल में उपस्थित किसानों ने भी विभाग की पहल की सराहना करते हुए आधुनिक खेती की तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

# आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई, 2300 किलो महुआ लाहन व 30 लीटर अवैध शराब जब्त



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग लगातार अभियान चला रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन***

में 29 जून को आबकारी वृत वारासिवनी और कटंगी की संयुक्त टीम ने ग्राम कोचेवाही, झम्मलटोला और डोरली में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई के दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों से प्लास्टिक की बोरियों और डिब्बों में छिपाकर रखा गया करीब 2300 किलोग्राम महुआ लहान तथा 30 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित अवैध शराब बरामद की।

नियमानुसार नमूने लेने के बाद शेष महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 34 हजार 500 रुपये बताया गया है। आबकारी विभाग ने मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) क/च के तहत तीन प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में वृत प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, आरक्षक टीकाराम शरणागत, अतरलाल उइके, भानुप्रताप और अनिता कुमरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग का कहना है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में प्रवेश प्रारंभ, 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, जिला बालाघाट द्वारा शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।***

पात्र महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्री राहुल नायक ने बताया कि शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई 2026 तक कार्यालयीन समय में संबंधित छात्रावास कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

प्रवेश प्रक्रिया जिले के शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास, बालाघाट, शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास, खैरलांजी तथा शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास, बालाघाट के लिए संचालित की जा रही है।

आवेदन शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास, बालाघाट (पानी टंकी एवं गवर्नमेंट स्कूल ग्राउंड के पास, पुराने डीईओ कार्यालय के बाजू में), शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास, खैरलांजी तथा शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास, बालाघाट (पॉवर हाउस के पास) में जमा किए जा सकते हैं।

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने पात्र छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने आवेदन जमा कर प्रवेश प्रक्रिया का लाभ उठाएं।

# माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट में अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन आमंत्रित..

## रसायन शास्त्र एवं भूगोल विषय के एक-एक पद पर होगी भर्ती

जगप्रेरणा बालाघाट।

***माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, जिला बालाघाट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अनुबंध के आधार पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज***

संलग्न कर 29 जून से 4 जुलाई 2026 तक कार्यालयीन समय में संस्था में आवेदन जमा कर सकते हैं। 4 जुलाई के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संस्था द्वारा अतिथि शिक्षक वर्ग-1 के दो पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें एक पद रसायन शास्त्र विषय के लिए है, जिसके लिए एम.एससी. (केमिस्ट्री) एवं बी.एड. योग्यता अनिवार्य है। वहीं दूसरा पद भूगोल विषय के लिए है, जिसके लिए एम.ए. (भूगोल) एवं बी.एड. की योग्यता निर्धारित की गई है। दोनों पदों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का जीएफएमएस (त्र्स्नरूस्) पोर्टल में दर्ज स्कोर कार्ड अनिवार्य होगा।

संस्था द्वारा जारी शर्तों के अनुसार सत्र 2025-26 में 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले अतिथि शिक्षक आवेदन के पात्र नहीं होंगे। अभ्यर्थियों को पूर्व वर्षों के अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। नियमित शिक्षक की पदस्थापना होने पर अतिथि शिक्षक की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी। इसके अलावा सीबीएसई पाठ्यक्रम में अध्यापन का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को संस्था में पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समयबद्धता के साथ अध्यापन कार्य करना होगा। संस्था ने स्पष्ट किया है कि आचरण एवं व्यवहार संस्था के अनुरूप नहीं पाए जाने पर सेवा तत्काल समाप्त की जा सकती है।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# फिलहाल चार तालाबों के हस्तांतरण का आश्वासन, वनाधिकार समिति का अनशन हुआ समाप्त..

## जिला परिषद की बैठक में लीज रद्द कर तालाब समिति को सौंपे जाएंगे..

## शेष आठ तालाबों का अगले वर्ष हस्तांतरण किया जाएगा..

प्रा राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।





*कानून के अनुसार तालाबों का हस्तांतरण सामूहिक वनाधिकार प्राप्त ग्रामसभाओं को करने की मांग को लेकर शासन को बार-बार निवेदन देने के बावजूद अनदेखी किए जाने से वनाधिकार समिति* ने 19 जून से पंचायत समिति कार्यालय के सामने आमरण अनशन शुरू किया था। आज अनशन के ग्यारहवें दिन आमगाव- देवरी विधायक संजय पुराम ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधुकर वासनिक, एसडीएम कविता गायकवाड़ तथा अनशनकारियों के साथ चर्चा की।

चर्चा के दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि चार तालाबों को जिला परिषद की सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कर सामूहिक वनाधिकार समिति को हस्तांतरित किया जाएगा। वहीं, शेष आठ तालाबों का उनकी लीज समाप्त होने के बाद अगले वर्ष हस्तांतरण किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद वनाधिकार समिति ने अपना अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया। विधायक संजय पुराम ने अनशनकारियों को नींबू पानी पिलाकर अनशन समाप्त कराया। वनाधिकार समिति ने मांग की थी कि कानून के अनुसार उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले तालाबों की नीलामी कर उन्हें मत्स्य सहकारी संस्थाओं को देने का अधिकार समिति को दिया जाए। इस मांग की लगातार अनदेखी होने के कारण सामूहिक वनाधिकार प्राप्त ग्रामसभा महासंघ ने 19 जून से पंचायत समिति सालेकसा के प्रशासनिक भवन परिसर में अनशन शुरू किया था।

अनशन के ग्यारहवें दिन विधायक संजय पुराम ने संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर अनशन स्थल का दौरा किया। चर्चा के उपरांत बताया गया कि 1 जुलाई 2025 को कुल 29 तालाबों की नीलामी विभिन्न संस्थाओं को की गई थी। इनमें से निम्नलिखित चार तालाबों की लीज रद्द कर उन्हें सामूहिक वनाधिकार प्रबंधन समिति, तहसील सालेकसा, जिला गोंदिया को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी–

1. नवीन तालाब, पांढरी, 2. पानगांव तालाब, 3. गाव तालाब, गिरोला, 4. बिजेपार टाकी। इन चारों तालाबों के संबंध में जिला परिषद की आगामी विशेष सामान्य सभा में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पारित होने तथा 7/12 अभिलेख में वनाधिकार संस्था के नाम दर्ज होने के बाद हस्तांतरण की कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा, जुलाई 2027 में जिन आठ तालाबों की लीज अवधि समाप्त होगी, उनके संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें सामूहिक वनाधिकार समिति को सौंपा जाएगा।

**ये तालाब निम्नलिखित हैं** 1. सिंदिबोली लटोरी तालाब, 2. कहाली तालाब, 3. गिरोला तालाब, 4. नान्हवा रानतालाब, 5. भजियादंड तालाब, 6. हलबीटोला तालाब, 7. पाऊलदौना तालाब। इन तालाबों की लीज अवधि जुलाई 2027 में समाप्त होने के बाद उन्हें सामूहिक वनाधिकार समिति को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ऐसा आश्वासन संबंधित अधिकारियों द्वारा दिया गया।

# पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान ऋणमुक्ति योजना से गोंदिया जिले के किसानों को बड़ी राहत..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*विदर्भ का प्रमुख कृषि प्रधान जिला गोंदिया मुख्य रूप से वर्षा आधारित खेती पर निर्भर है। अनियमित बारिश, अतिवृष्टि, सूखा और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों की फसलें अक्सर प्रभावित होती हैं।*




विशेष रूप से धान उत्पादन पर निर्भर जिले के किसानों को इन परिस्थितियों का गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसके चलते अनेक किसान समय पर फसल. ऋण का भुगतान नहीं कर पाते और बकायेदार हो जाते हैं, जिससे अगले सीजन के लिए नया ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र शासन द्वारा शुरू की गई 'पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान. ऋणमुक्ति योजना' गोंदिया जिले के किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। राज्य मंत्रिमंडल ने 2 जून 2026 को इस योजना को मंजूरी प्रदान की है।

## योजना के दो प्रमुख उद्देश्य..

इस योजना के तहत एक ओर बकाया ऋण वाले किसानों को कर्जमाफी का लाभ दिया जाएगा, वहीं दूसरी ओर नियमित रूप से ऋण चुकाने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

## दो लाख रुपये तक की कर्जमाफी..

1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2025 के बीच अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले तथा 30 सितंबर 2025 तक जिनका ऋण बकाया है और जिन्होंने 31 मार्च 2026 तक ऋण का भुगतान नहीं किया है, ऐसे पात्र किसानों को योजना का लाभ मिलेगा।

एक या एक से अधिक बैंकों में लिए गए ऋण पर मूलधन एवं ब्याज सहित अधिकतम 2 लाख रुपये तक की कर्जमाफी दी जाएगी। इसके लिए भूमि स्वामित्व की कोई शर्त नहीं रखी गई है।

## पुनर्गठित ऋण भी होंगे शामिल..

यदि अल्पकालीन फसल ऋण को मध्यम अवधि के ऋण में परिवर्तित किया गया है अथवा उसका पुनर्गठन किया गया है और वह 30 सितंबर 2025 तक बकाया है, तो ऐसे किसानों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

## 2019 की योजना के लाभार्थियों के लिए विशेष प्रावधान..

जिन किसानों ने महात्मा ज्योतिराव फुले किसान ऋणमुक्ति योजना-2019 का लाभ लिया था, उन्हें इस योजना के अंतर्गत अधिकतम 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त कर्जमाफी मिलेगी।

## वन टाइम सेटलमेंट (ह्ळअर) की सुविधा..

जिन किसानों का बकाया ऋण 2 लाख रुपये से अधिक है, वे भी योजना का लाभ ले सकेंगे। अतिरिक्त राशि जमा करने के बाद शासन द्वारा 2 लाख रुपये तक की सहायता ओटीएस योजना के अंतर्गत प्रदान की जाएगी। इसके लिए 31 मार्च 2027 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

## समय पर ऋण चुकाने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन..

गोंदिया जिले के वे किसान जिन्होंने 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में से किसी भी दो वर्षों में लिया गया फसल ऋण समय पर चुकाया है, उन्हें अधिकतम 50 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

यदि किसी किसान का ऋण 50 हजार रुपये से कम है, तो उसे जमा की गई राशि अथवा न्यूनतम 5 हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। हालांकि इसके लिए 2025-26 एवं 2026-27 के ऋण का समय पर भुगतान करना अनिवार्य होगा।

## पात्रता एवं आवश्यक शर्तें..

यह योजना व्यक्तिगत किसान के आधार पर लागू होगी। इसमें परिवार को इकाई नहीं माना जाएगा। राष्ट्रीयकृत, निजी, ग्रामीण एवं सहकारी बैंक तथा पतसंस्थाओं से लिए गए ऋण इस योजना के दायरे में आएंगे। लाभ प्राप्त करने के लिए आधार प्रमाणीकरण एवं एग्रीस्टैक पंजीकरण अनिवार्य रहेगा।

## ये लोग नहीं होंगे पात्र..

मंत्री, सांसद, विधायक, स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, उच्च वेतनभोगी सरकारी कर्मचारी, आयकरदाता, उच्च पेंशनधारक तथा सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

## पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन..

योजना का क्रियान्वयन पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा। गोंदिया जिले के किसान आपले सरकार सेवा केंद्र, संबंधित बैंक तथा सरकारी कार्यालयों के माध्यम से योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## किसानों को मिलेगा नया संबल..

इस योजना से गोंदिया जिले के हजारों बकायेदार किसान दोबारा ऋण लेने के पात्र बन सकेंगे और उन्हें खेती के लिए नई आर्थिक सहायता उपलब्ध होगी। इससे जिले के कृषि क्षेत्र को नई गति मिलने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है।

# गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

## आमगांव रेल्वे स्टेशन के सामने से मोटरसाइकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस स्टेशन अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/6/2026 के सुबह 11 बजे के दरम्यान रेल्वे स्टेशन आमगाव मे फर्यादी सुरेश मयाराम बावनकर ने अपनी प्लेटीना मोटरसायकल काले रंग की स्टेशन के सामने रखकर रिजर्वेशन करने गये। वापस आये तो मोटर सायकल प्लेटीना किमत 30 हजार रूपए की वहा नही थी। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 458/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मण्यार पोस्टे आमगांव कर रहे है।

## घर के आंगन से अज्ञात चोर ने उड़ाई बाईक मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/6/2026 के रात मे फर्यादी ओमप्रकाश मोतीलाल मेश्राम उम्र 28 वर्ष निवासी दवनीवाडा ने अपने आंगन मे हिरो कंपनी की स्प्लेंडर किमत 27,500 रुपये की रखी थी। रात के समय किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 344/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास तुरकर पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## फर्यादी ने चिल्लाया बिल्ली पर मारपीट हुई पड़ोसी से मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनीमोर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 6/ 2026 के रात 8 बजे खामखुरा मे फर्यादी कैलास सिताराम राऊत उम्र 55 वर्ष निवासी निमगाव अपने घर मे मछली की सब्जी बना रहा था। उसके घर मे बिल्ली आई तो उसने चिल्लाया पडोस मे रहने वाले को लगा मुझपर चिल्ला रहा है, उसने बाहर निकल कर बोला क्यो बे मुझे क्यो चिल्ला रहा है बोलकर डंडे से फर्यादी के हाथ पैर पर मारकर जख्मी किया और मारने की धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 270/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ कोडापे पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## शराब के नशे मे दी जान से मारने की धमकी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गांदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/6/2026 के 10 बजे के दरम्यान गोवारीटोला मे फर्यादी राधेश्याम गुनिराम पटले उम्र 57 वर्ष निवासी गोवारीटोला और आरोपी एक ही मोहल्ले के निवासी होकर घटना के समय आरोपी शराब के नशे मे आया और फर्यादी और उसके बेटे को गालीगलौच कर कहा दोनो को जान से मार दूंगा तो पता भी नही चलेगा फर्यादी के बेटे ने कहा क्यो गालीगलोच कर रहे हो तो आरोपी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 440/2026 धारा 332, क, 296, 115, 2 ,351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा खेमराज कोडापे पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

# गोंदिया जिले में कर्जमुक्ति योजना को मिलेगी रफ्तार, जिला स्तरीय समिति का गठन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*29 जून किसानों को पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर कर्जमुक्ति योजना का लाभ पारदर्शी, सरल और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गोंदिया जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।*

प्रशासन का कहना है कि समिति के गठन से योजना के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और पूरी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी। समिति में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक तथा विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों के जिला समन्वयकों को सदस्य बनाया गया है। वहीं, जिला उपनिबंधक (सहकारी संस्था) अर्चना मालवे को समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

## योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा विशेष फोकस..

समिति कर्जमुक्ति योजना के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेगी। पात्र किसानों की सूची जारी करना, अपात्र आवेदकों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना तथा आधार से लिंक नहीं हुए ऋण खातों की जानकारी सार्वजनिक करना समिति की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल होगा।

## किसानों के लिए विशेष शिविर आयोजित होंगे..

किसानों की एग्रीस्टैक (AgriStack) पंजीयन प्रक्रिया तथा आधार प्रमाणीकरण को आसान बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, योजना के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाएगी।

## शिकायतों का त्वरित निराकरण और पारदर्शिता पर जोर..

समिति किसानों की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा बैंकों एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी समिति की होगी।

## किसानों को मिलेगी बड़ी राहत..

प्रशासन का मानना है कि समिति के गठन से कर्जमुक्ति योजना के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ बिना किसी बाधा के पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए समिति अंतिम चरण तक सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी।

# पानी के बिल का बकाया तुरंत भरें, नहीं तो गांव की पानी की सप्लाई रोक दी जाएगी..

## आमगांव–बनगांव प्रादेशिक पाणीपुरवठा योजना के तहत प्रशासन की चेतावनी : नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों को तुरंत रक्कम अदा करने के निर्देश..

जगप्रेरणा आमगांव।

*आमगांव बनगाव प्रादेशिक पाणीपुरवठा योजना के तहत लाभार्थी गावो अखंडित एंव अबाधित पाणीपुरवठा सुरू रखने हेतु संबंधित नागरिक एंव स्थानिक स्वराज्य संस्था पाणीपट्टी की थकीत रकम तुरंत जमा करने के निर्देश*

संबंधित विभाग ने संबंधित नागरिकों और स्थानिक स्वराज्य संस्था से अपील की है कि वे प्रादेशिक पाणीपुरवठा योजना की रक्कम तुरंत जमा करने के निर्देश दिये है। इस बारे में संबंधित नगर पंचायत के मुख्यकार्यकारी अधिकारी ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्रामविकास अधिकारी और संबंधित प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं और अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में बकाया पानी के चार्ज तुरंत चुकाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने साफचेतावनी दी है कि अगर पानी के चार्ज समय पर नहीं चुकाए गए तो स्कीम से संबंधित गांव की पानी की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। इसलिए नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए बकाया चार्ज तुरंत चुकाने और स्कीम को ठीक से लागू करने में सहयोग करने की अपील की गई है।

यह निर्देश माननीय के आदेश पर जारी किया गया है। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, जिला परिषद, गोंदिया, और प्रशासन ने भी साफकिया है कि सभी संबंधित लोग इसे गंभीरता से लें और ज़रूरी कार्रवाई करें। आमगांव-बनगांव रीजनल टैप वॉटर सप्लाई स्कीम को बिना रुकावट जारी रखने के लिए पानी के बिल का बकाया समय पर भरना ज़रूरी है।

संबंधित नगर पंचायत, ग्राम पंचायत और नागरिक तुरंत बकाया भरकर प्रशासन का सहयोग करें। नहीं तो, नियमों के मुताबिक संबंधित गांवों की पानी की सप्लाई रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433




## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



आज महिलाओ ने अपने पति की लंबी आयु हेतु वटसावित्री का त्याहौर बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर वटवृक्ष को प्रदक्षिणा लगाती महिलाएं।
छाया - प्रा. गणेश भदाडे आमगांव।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएँ..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 मंगलवार 30 जून 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट 2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# मैं राजेन्द्र रत्नीदेवी हीरालाल जी जैन ईश्वर की शपथ लेता हूं कि..

■ नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन ने राज्यसभा सांसद के रुप में ली विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान की शपथ..

■ शपथ ग्रहण के उपरांत पैर छुकर लिया सांसद प्रफुल पटेल का आशीर्वाद..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***राज्यसभा के सभापति एवं भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में तथा सांसद प्रफुल पटेल सहित राज्यसभा के अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ आज 29 जून 2026 को गोंदिया भंडारा जिले के लोकप्रिय नेता नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन ने राज्यसभा सदन में नए राज्यसभा***

सदस्य के रुप में विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के क्रम में जैसे ही सांसद राजेन्द्र जैन का नाम पुकारा गया, श्री जैन ने सर्वप्रथम सांसद प्रफुल पटेल का शुभआशीष प्राप्त किया, एवं इसके बाद राजेन्द्र जैन संसद सदस्य के रुप में शपथ ग्रहण करने के लिये आगे आए।

शपथ ग्रहण के दौरान राजेन्द्र जैन ने अपनी ओजस्वी शैली में शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि ' मैं राजेन्द्र रत्नीदेवी हीरालाल जी जैन, जो राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित हुआ हुं, ईश्वर की शपथ लेता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रखुंगा, तथा जिस पद को मैं ग्रहण करने वाला हूं, उसके कर्त्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करुंगा। अपने इस शपथ ग्रहण के उपरांत एक बार फिर राजेन्द्र जैन सर्वप्रथम अपने नेता और अपने बड़े भाई सांसद प्रफुल पटेल की ओर बढ़े और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, एवं सभी औपचारिकताएं भी पूर्ण की।

## आभार व्यक्त कर जनहितार्थ कार्यो का दोहराया संकल्प..


गौरतलब है कि शपथ ग्रहण के बाद सांसद राजेंद्र जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद प्रफुल पटेल, सांसद सुनील तटकरे, छगन भुजबल, सांसद पार्थ पवार, दिलीप वलसे पाटिल तथा राज्य के सभी विधायकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद श्री जैन ने कहा कि वे भंडारा-गोंदिया सहित पूरे महाराष्ट्र के विकास से जुड़े मुद्दों को राज्यसभा में प्रभावी ढंग से उठाएंगे तथा जनहित के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## परिवारजन और करीबी समर्थक भी पहुंचे दिल्ली, मिले उपराष्ट्रपति से..

गौरतलब है कि सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व में सांसद राजेन्द्र जैन के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिये सांसद राजेन्द्र जैन के परिवारजन एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी जिसमें प्रमुख रुप से श्रीमती सुनिता जैन, पुत्र निखिल जैन, भैय्यु चौबे, केतन तुरकर आदि अनेक लोग उपराष्ट्रपति निवास पर भी पहुंचे, और उपराष्ट्रपति से सौजन्य भेंट की।

# एक आध्यात्मिक ब्रेक के बाद एड. वीरेंद्र जायसवाल की फिर सक्रिय राजनीति में वापसी..

## कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में संभालेंगे मोर्चा.. प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***कांग्रेस नेता एडवोकेट वीरेंद्र जायसवाल ने एक वर्ष के लंबे आध्यात्मिक अंतराल के बाद पुन: सक्रिय राजनीति में लौटने का ऐलान किया है। एड. जायसवाल पिछले एक वर्ष (27 जून 2025 से 27 जून 2026 तक) राजनीति से***

पूरी तरह दूर थे और प्राचीन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड तथा हनुमान चालीसा पाठ के अपने धार्मिक संकल्प को पूरा करने में लीन थे। आध्यात्मिक साधना पूर्ण होने के बाद 29 जून 2026 से उन्होंने दोबारा सार्वजनिक जीवन में कदम रख दिया है एड. वीरेंद्र जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि वे कांग्रेस के एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर वरिष्ठ नेता श्री नाना पटोले के मार्गदर्शन में ही आगे कार्य करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जननेता श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में जीवन की अंतिम सांस तक राजनीति में एकनिष्ठ और वफादार बने रहने का संकल्प भी दोहराया है। राजनीति में अपनी इस नई पारी में वे मजदूर संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, महिला, छात्र, युवा और बेरोजगार संगठनों के साथ मिलकर जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

सक्रिय राजनीति में लौटते ही उन्होंने क्षेत्र के विकास और सामाजिक कार्यों को गति देने के लिए आगामी एक वर्ष का रोडमैप भी सामने रखा है, जिसके प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं। गोंदिया में स्व. राजीव गांधी की भव्य प्रतिमा की स्थापना करना। गोरेगांव में भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर का निर्माण कार्य पूरा कराना। ग्राम खातिया में लंबे समय से अधूरे पड़े बुद्धधाम के निर्माण कार्य को गति देकर उसे पूर्णता की ओर ले जाना। एड. जायसवाल ने कहा कि एक वर्ष के लंबे अंतराल के कारण क्षेत्र के राजनैतिक और सामाजिक कार्यों में जो भी कमी आई है, उसे वे अब दुगुनी शक्ति और ऊर्जा के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे।

# 4 जुलाई से गोंदिया में होगी समाजसेवी स्व. रमेश कोतवाल स्मृति ऑल इंडिया शतरंज चैंपियनशिप..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन एवं विदर्भ साहित्य संघ, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी स्व. रमेश विनायकराव कोतवाल की स्मृति में ऑल इंडिया रैपिड फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 4 एवं 5 जुलाई को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन भवभूति रंगमंदिर, फूलचुरटोली, गोंदिया में होगा।***

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में लगभग 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय 11 हजार रुपये, तृतीय 5 हजार रुपये, चतुर्थ 3 हजार रुपये, जबकि पांचवें से दसवें स्थान तक प्रत्येक खिलाड़ी को 1-1 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

इसके अलावा सीनियर सिटीजन एवं महिला वर्ग के प्रत्येक विजेता को भी 1-1 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष एवं 13 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को भी मेडल प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कई प्रमुख शतरंज खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 जुलाई, शनिवार को सुबह 9:30 बजे भवभूति रंगमंदिर में होगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 5 जुलाई, रविवार को दोपहर 3:30 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अर्ा

धक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। यह अपील आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. नितिन कोतवाल, सचिव मुकेश बाराई, संरक्षक दिलीप जैन, गोंदिया जिला शतरंज एसोसिएशन तथा विदर्भ साहित्य संघ के पदाधिकारियों द्वारा की गई है।

# अ.भा. माहेश्वरी महासभा के लिये गोंदिया जिले से रवि मूंदड़ा का चयन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया स्थित होटल पेसिफिक में आज गोंदिया जिला माहेश्वरी संगठन के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें अर्जुनी मोरगांव, आमगांव, देवरी, तिरोडा व गोंदिया की ओर से अखिल भारतीय***

माहेश्वरी महासभा में सर्वसम्मति से रवि रामचंद्र मूंदड़ा गोंदिया का सभी माहेश्वरी समाज बंधुओ ने निर्विरोध चयन किया। चयन प्रक्रिया में प्रमुख रूप से भंडारा से विदर्भ प्रादेशिक प्रतिनिधि के रूप में दीपक झवर, गोंदिया से गोंदिया जिला चुनाव अधिकारी के रूप में श्री कुंजबिहारी जाजू व अरुण कुमार माहेश्वरी, विजय पनपालिया, राजेश पनपालिया, गोविंद राठी, अशोक चांडक, बालमुकुंद महेश्वरी, अजय महेश्वरी, मनीष भैया, श्याम चांडक, रौनक झावर, प्रदीप मूंदड़ा, रमेश चांडक, जयेश मुंदड़ा, रजत चांडक, पराग मुंदड़ा, राहुल महेश्वरी, प्रकाश चांडक, बंगजी देवरी एवं अनेक गणमान्य समाज बंधु उपस्थित थे। रवि मूंदड़ा की नियुक्ति पर श्री मारवाड़ी युवक मंडल गोंदिया के अध्यक्ष महेश गोयल, सचिव रितेश अग्रवाल व सम्पूर्ण कार्यकारिणी व अनेक समाज बंधुओ ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। रवि मूंदड़ा राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों से भी अनेक संस्थाओं में जुड़े हुए हैं।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik) आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक 7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें..

• दरियां • मेटिंग्स • कार्पेट्स • डोरमेट्स • शॉल • ब्लैंकेट्स • स्कूल की भोजन पट्टियां • ताड़पत्री • मच्छरदानी • ग्रीन नेट • चादरें • बेड शीट्स
के थोक व चिल्लर विक्रेता..
रमन कुमार मेठी
हैंण्डलुम हाउस
दरियां मेटिंग्स कार्पेट्स डोरमेंट्स शॉल स्कूल की भोजन पट्टियां ताड़पत्री मच्छरदानी ग्रीन नेट चादरें/बेड शीट्स
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया मो. 9890696200

SONO VIEW
SONOGRAPHY X-RAY CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S. Diplomate of National Board Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR M.B.B.S., D.C.H. बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging ■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging ■ Transrectric & TV Sonography ■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography ■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography ■ Neonatologist Neurosonogram ■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo ■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography ● 2D Echo ● Colour Doppler ● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com